

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 रोहित शर्मा तीन-चार साल पहले के रोहित शर्मा नहीं हैं-संजय | सम्पादकीय | पाकिस्तानी मानसिकता, हरकतों से... | आर्यना सबालेंका ने पहली बार मियामी ओपन जीता 5

वर्ष 12 अंक 32 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, सोमवार 31 मार्च 2025 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## कांग्रेस की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए - पीएम मोदी

### छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बोले प्रधानमंत्री

आर.एन.एस



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए हैं। भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बिठाई है। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था का बुरा हाल था। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। आज हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घर में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर बेच सकेंगे।

मोदी ने कहा कि ईमानदार प्रयासों का नतीजा है कि भाजपा पर लोगों का भरोसा बढ़ता जा रहा है। विधानसभा और लोकसभा के बाद निकाय चुनावों में भी भाजपा का परचम लहराया है। छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा सरकार के प्रयासों को अपना भरपूर समर्थन दे रही है।

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है।

मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों का घर है, स्कूल है, रोड है, बिजली है, पाइप लाइन है। ये सारे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा देने वाले हैं। नौजवानों के लिए नए रोजगार बनाने वाले हैं। भारत माता की जय, मां महामाया और जय जोहार से सभा की शुरुआत की।

इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर के ऋस्स मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।



## म्यांमार : फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, अब तक 1644 की मौत

आर.एन.एस

**नेपीदा।** म्यांमार में रविवार दोपहर 2:30 बजे करीब एक बार फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह बीते 3 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले 4 भूकंप आए हैं। भूकंप का केंद्र म्यांमार के मांडले से लगभग 17 मील (27चरू) उत्तर में था।शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। ष्टहृहृ ने एक जियोलॉजिस्ट के हवाले से बताया है कि इस भूकंप का असर 334 एटॉमिक बम में ब्लास्ट के बराबर था।

रिर्पोट के मुताबिक शनिवार तक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हुए और 139 लोग लापता हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई। इसमें 17 लोगों की मौत हुई है।

मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई। इस भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और ढ्ढहृस् सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची।इससे पहले ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत ही भारत ने मदद के लिए 15 टन राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाएं भेजी।

## मणिपुर समेत 3 राज्यों में अफ्सपा 6 महीने बढ़ा

### हिंसा और अशांति के चलते गृह मंत्रालय का फैसला, सेना कभी भी किसी को हिरासत में ले सकेगी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, मणिपुर में जारी हिंसा के कारण कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। मणिपुर के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र को छोड़कर बाकी पूरे राज्य में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक लागू रहेगा।

इससे पहले सितंबर 2024 में मणिपुर के 6 जिलों में छह महीने के लिए अफ्सपा लागू किया गया था। यह इसी साल 31 मार्च को समाप्त हो रहा था। लेकिन राज्य में जारी हिंसा के चलते अब यह फैसला लिया गया है।

नगालैंड और अरुणाचल के कुछ इलाकों में अशांति के कारण अफ्सपा लागू अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलाक, फेक और पेरेन जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित किया है। इसके अलावा कोहिमा, मोकोकचुंग, लोंगलेंग, वोखा और जुनहेबोटो जिलों के कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। यहां भी 1 अप्रैल 2025 से अगले छह महीने तक अफ्सपा लागू रहेगा।

वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के साथ 3 पुलिस थानों के क्षेत्रों में भी छह महीने के लिए अफ्सपा बढ़ा दिया गया है।

## हिमाचल : लैंडस्लाइड में 4 कारें दबीं, 6 की मौत

आर.एन.एस



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में गुरुद्वारे के पास रविवार शाम करीब 4 बजे पहाड़ी से लैंडस्लाइड हो गया। ये लैंडस्लाइड तेज तूफान के कारण भारी भरकम पेड़ के गिरने से हुआ। पेड़ सड़क पर पहले से ही खड़ी करीब 5-6 गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे 6 लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 टूरिस्ट थे।

इसके अलावा 4 से 5 लोग मलबे में दब गए थे, प्रशासन और पुलिस ने फौरन रेस्क्यू कर इन्हें बाहर निकाला और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को कुल्लू रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लैंडस्लाइड के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं, इस पूरे मामले पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### मृतकों में 3 टूरिस्ट शामिल

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 लोगों के शव निकाल लिए हैं। जानकारी के अनुसार मृतकों में 1 ढाबा संचालक, 3 टूरिस्ट और एक ग्रामीण शामिल है। दरअसल, जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वहां पर छोटा सा बाजार है, यहां कुछ लोग खरीदारी कर रहे थे और कुछ लोग अपनी गाड़ियों में बैठे हुए थे। तभी अचानक तूफान आया और एक बड़ा चीड़ का पेड़ गिर गया। यह पेड़ अंदर से खोखला हो चुका था। हालांकि, पेड़ की जड़े इतनी फैली हुई थी की वो अपने साथ पहाड़ी से मलबा भी साथ लेकर गिरा।



## बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 कोच पटरी से उतरे, एक की मौत व 25 घायल

आर.एन.एस

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर भेजी गई है।

हादसा सुबह 11:54 बजे नेरगुंडी स्टेशन के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन 4:10 बजे घटनास्थल पर पहुंच गई है।इससे पहले ईस्ट कोस्ट रेलवे के पीआरओ अशोक मिश्रा ने बताया था कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। रिर्पोट के मुताबिक जारी विजुअल्स में एक घायल स्ट्रेचर पर ले जाए जाते दिख रहा था।

## हमारी फिर से सरकार बनती है तो हम बिहार को बाढ़ से मुक्त करा देंगे- अमित शाह



**गोपालगंज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिनों के बिहार दौरे पर हैं। गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करते उन्होंने हुए कहा, बिहार को तय करना है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी-नीतीश के विकास की राह पर जाना है।

अपने 20 मिनट के भाषण में शाह ने लालू यादव और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा, जो काम कांग्रेस पार्टी 65 साल में नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 साल में किया है। एनडीए की पांच साल और सरकार बनाइए।शाह ने दावा किया कि अगर हमारी फिर से सरकार बनती है तो हम बिहार को बाढ़ से मुक्त करा देंगे। बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे।

केंद्र में मंत्री रहते लालू यादव ने बिहार के लिए क्या किया

लालू एंड कंपनी ने बहुत अड़ंगे लगाए, लेकिन मोदी ने 500 साल बाद राम मंदिर बनवाया। अब बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। शाह ने छठ पूजा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में हमारी सरकार है। वहां छठ पूजा धूमधाम से मनाई गई। मोदी सरकार ने शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण से नवाजा।

वैशाली महोत्सव की शुरुआत हमने की। मोदी जी ने मधुबनी पेंटिंग को जीआई टैग दिलवाया। हमने मखाना बोर्ड बनाकर किसानों की मदद की।शाह ने कहा- हमने 1 करोड़ 60 लाख घरों में जल पहुंचाया। डेढ़ करोड़ टॉयलेट बनाए। 9 करोड़ लोगों को हर महीने 5 किलो राशन दिया। 40 लाख घर बनाएं। लालू राज ने क्या दिया- अपहरण, फिरौती, हत्या। इतने घोटाले किए, इन्हें शर्म नहीं आती। अलकतरा घोटाला, मिट्टी घोटाला। गो-माता का चारा भी लालू ने खाया।

लालू जी ने बस एक ही काम किया, अपने परिवार को सेट करने का। उनके दोनों बेटे सीएम बनना चाहते हैं। बेटी को सांसद बनाया। पत्नी पूर्व सीएम हैं। दोनों साले भी मंत्री रहे, लेकिन उन्होंने युवाओं को सेट करने का काम नहीं किया।

## असम सरकार का बड़ा फैसला, सिंगल पुरुषों को मिलेगी चाइल्ड केयर लीव

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को घोषणा की कि राज्य में एकल पिताओं को अब अपने बच्चों की देखभाल के लिए चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) दी जाएगी।

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर लिखा, कभी-कभी जीवन अप्रत्याशित मोड़ ले सकता है और एक आदमी को बच्चे की देखभाल करने वाला एकमात्र व्यक्ति बनना पड़ सकता है। अगर हमारे राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए कभी ऐसा परिदृश्य उत्पन्न होता है, तो हम आपकी मदद के लिए तैयार हैं। अब से, हम एकल पिताओं को अपने छोटे बच्चों की देखभाल करने के लिए चाइल्ड केयर लीव देंगे।

इससे पहले, असम मंत्रिमंडल ने बाल देखभाल अवकाश नियमों में संशोधन को मंजूरी दी थी, ताकि राज्य सरकार के एकल पुरुष कर्मचारियों, जो विधुर या तलाकशुदा हैं और जिनके पास बच्चे की कस्टडी है, को दो बच्चों की सीमा तक बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल) की अनुमति दी जा सके।

राज्य सरकार के अनुसार, सीसीएल नियम महिला सरकारी कर्मचारियों और एकल पुरुष सरकारी कर्मचारियों के लिए अधिकतम दो वर्ष (730 दिन) की अवधि के लिए लागू किए जाएंगे, जिनके पास किसी भी उम्र के विकलांग बच्चे की कस्टडी है।

इस कदम से उन एकल पिताओं को सहायता मिलेगी जो अपने बच्चों की देखभाल अकेले ही करते हैं। इस बीच, सरमा ने शनिवार को 2016 के बाद से असम में भाजपा सरकार द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत में।

टीवी9 भारतवर्ष सत्ता सम्मेलन में बोलते हुए, सीएम बिस्वा ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य रहने के लिए एक बेहतर स्थान बन गया है, जहां स्वदेशी लोगों ने भूमि, राजनीति और सरकारी नौकरियों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है।

सीएम बिस्वा ने कहा, ÷2016 में असम में बीजेपी की सरकार आई। मोदी जी की सरकार 2014 में आई। आज असम रहने के लिए बेहतर जगह है। आपने ÷खिलोंजिया÷ शब्द का इस्तेमाल किया, जिसका मतलब है स्वदेशी।



## मुख्तार अंसारी के शूटर को एसटीएफ ने मार गिराया, एनकाउंटर में 25 राउंड फायरिंग

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** यूपी एसटीएफ ने मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर अनुज कनौजिया को एनकाउंटर में ढेर कर दिया।८ष्ठत्र अमिताभ यश ने बताया कि शनिवार रात एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने सूचना के आधार पर अनुज कनौजिया को जमशेदपुर में पकड़ने पहुंची।

पुलिस टीम पर अनुज ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में टीम ने भी क्रॉस फायरिंग की। इसमें अनुज कनौजिया को गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

मुठभेड़ के दौरान अनुज ने बम भी फेंके, लेकिन बम नहीं फटा। दोनों ओर से 25 राउंड से अधिक गोलियां चलीं। इसमें स्ञ्जस्न के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही घायल हो गए। उनके बाएं कंधे पर गोली लगी है। उन्हें जमशेदपुर ञ्जरूञ्ज में भर्ती कराया गया।

36 साल के अनुज पर दो दिन पहले ही मऊ पुलिस ने 2.50 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। उसने 4 मर्डर किए थे। उस पर हत्या, लूट समेत 23 मुकदमे दर्ज थे।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

### खुफिया एजेंसी एफएसबी के हेडक्वार्टर के पास की घटना

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई।

हालांकि जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त ये कार पुतिन के काफिले में शामिल नहीं थी और न ही पुतिन इस कार के आस-पास थे।

अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। घटना के बाद पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी।

राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल एक लग्जरी लिमोजिन कार गिफ्ट की थी। इसे रूस में बनाया जाता है।


उठावनी



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारे पूज्यनीय

श्री अशोक मोदी (एडवोकेट) जी

का देवलोक गमन दिनांक 29 मार्च 2025, शनिवार को हो गया है,

जिनकी पुण्य स्मृति में उठावनी सभा दिनांक 31 मार्च 2025, सोमवार को

दोप. 3 बजे से 4 बजे तक

स्थान : भार्गव वाटिका, पैलेस रोड, धौलपुर (राज.)

पर रखी गई है।

शोकाकुल परिवार

सुमन मोदी (पत्नी)

मंयक (जिला जज)-छवि , नितिन (एडवोकेट)-कोमल (पुत्र -पुत्रवधु),

त्रिलोक, जयन्त (भाई), स्पर्श (भतीजा)

अदिती, कृष्णा, चैतन्य, आद्या (पौत्र -पौत्री) एवं समस्त मोदी परिवार

ससुराल पक्ष : विशन-रजनी, राकेश-रेनू (आगरा )

राजस्थान
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
जयपुर, सोमवार, 31 मार्च, 2025


# गणगौर में संस्कृति हुई साकार, महिलाओं ने रंग जमाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान संस्कृति पारंपरिक तीज त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी गणगौर उत्सव का महाआयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ किया गया। शिल्पी फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार यूबाय के सहयोग से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उददेश्य से गणगौर फेस्टिवल का आयोजन शनिवार, 29 मार्च को होटल कुड़की हाउस में किया गया। फाउंडेशन की संस्थापक, शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव में लगभग 400 से 500 महिलाएं राजस्थानी परिधानों में सोलह सिंगार कर भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला, कौशल और उद्यमशीलता का प्रदर्शन कर सकें। यह आयोजन उन महिलाओं को समर्पित है, जो अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाए रखते हुए समाज के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।

इसके अतिरिक्त, यह आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय त्योहारों और संस्कृति से जोड़ने का एक प्रयास है, ताकि हमारी परंपराएं जीवित रह सकें और आने वाली पीढ़ियां भी उनसे जुड़ी रहें। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई. जिनमें ट्रेडिशनल ड्रेस प्रतियोगिता, बेस्ट कपल डांसिंग, सोलो डांसिंग, रैंप वॉक, घूमर नृत्य, गणगौर पूजा और Ubuy के द्वारा आयोजित क्विज शामिल हैं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथ के रूप में विधायक गोपाल शर्मा, आरएएस पंकज ओझा, अमित गोयल, डॉ. राजीव शर्मा, राहुल द्विवेदी, उप निदेशक पर्यटन विभाग उपेन्द्र सिंह शेखावत, शिवकरण जानू, वैभवी प्रकाश और यूबाय के निदेशक दिनेश कुमार शामिल हुए । फाउंडेशन की संरक्षक सुनीता अग्रवाल ने बताया गणगौर क्वीन कोमल सिद्ध बनीं। मंच संचालन एंकर प्रीति सक्सेना किया गया ।

# जयपुर में 'ओरिजिन' आर्ट रेजीडेंसी शोकेस ने बिखेरा कला का रंग

## सत्त्व थिएटर एंड आर्ट द्वारा पिरोवानो आर्ट मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित

### लंदन के कलाकार अदेबायो बोलाजी ने जयपुर के सत्व थिएटर एंड आर्ट में एक महीने के निवास के दौरान तैयार किया आर्टवर्क

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** लंदन के मशहूर मल्टीडिसिप्लिनरी आर्टिस्ट अदेबायो बोलाजी की विशेष आर्ट रेजीडेंसी शोकेस 'ऑरिजिन' ने जयपुर के कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्व थिएटर एंड आर्ट द्वारा पिरोवानो आर्ट मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में जयपुर में बोलाजी की कलात्मक यात्रा की एक अंतरंग अंतर्दृष्टि प्रदान की गई, जिसमें सांस्कृतिक भिन्नताओं और साझा मानवीय अनुभवों को दर्शाया गया। कलाकार एक महीने तक जयपुर में रहे और उन्होंने 25 से अधिक आर्टवर्क तैयार किया। कार्यक्रम में जयपुर शहर के जाने-माने लोगों ने शिरकत की, जिसने इस शाम को और भी अधिक खास बना दिया। मेहमानों ने एक बेहतरीन कलात्मक अनुभव का आनंद



लिया, जिसमें बोलाजी की मनमोहक पेंटिंग्स मुख्य आकर्षण रहीं। विजुअल आकर्षण के साथ-साथ लोक संगीतकारों की दिल छू लेने वाले संगीत ने भी कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए, जिनकी धुनें सत्त्व एम्फीथिएटर में गूंज उठी, और सांस्कृतिक सामंजस्य का वातावरण बनाया। वेन्यू का आर्किटेक्च र, एम्बियंस और डिजाइन ने आर्टवर्क और दर्शकों के बीच गहरे जुड़ाव का एहसास कराया। सत्व थिएटर एंड आर्ट की संस्थापक और निदेशक रेणुका कुमार ने कला और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से भरी शाम की शुरुआत करते हुए मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके भव्य आतिथ्य और कला के प्रति गहन जुनून ने एक ऐसा माहौल तैयार किया, जिसने मेहमानों पर गहरी छाप छोड़ी।

'ओरिजिन' भिन्नता की खोज और उनका जश्न मनाने का एक कलात्मक प्रयोग है। यह विचारोत्तेजक प्रश्न उठाता हैः क्या भिन्नता के कारण मानवता को अलग होना चाहिए या क्या यह सीखने, बढ़ने और मानवता में अभिव्यक्ति की अधिक स्वतंत्रता, ज्ञान और जीवंतता खोजने का अवसर प्रदान कर सकता है? क्या इन असमानताओं के बावजूद हम अधिक जुड़े हुए हैं? बोलाजी के आर्टवर्क ने इन धारणाओं को चुनौती देते हुए दर्शकों को यह देखने के लिए प्रेरित किया कि विविधता अलगाव की बजाय, एक एकता का स्रोत है।

आर्टवर्क की थीम पर प्रकाश डालते करते हुए, बोलाजी ने कहा कि, "मैं अलग तरह से पला-बढ़ा, ऐसे दायरे में जहां संस्कृति को अक्सर विभाजन का कारण माना जाता था। फिर भी, मेरे अनुभवों ने मुझे यह दिखाया कि इन भिन्नताओं के भीतर एक अंतर्निहित जुड़ाव है जो हम सभी को एकजुट करता है। अपरिचित चीजें कभी-कभी भय उत्पन्न कर सकती हैं, लेकिन मेरी निरंतर खोज ने यह स्पष्ट किया कि भिन्नता स्वयं मानवता को एक साथ जोड़ने वाली डोरी है।" बोलाजी की कलात्मक यात्रा को प्रतिष्ठित यूरोपीय आर्ट क्यूरेटर रॉक्साना पिरोवानो ने मार्गदर्शन दिया, जिन्होंने इस अद्वितीय रेजीडेंसी अनुभव को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# चक 26 जीबी को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**श्रीविजयनगर।** निकटवर्ती गांव 26 जीबी के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर परिसीमन में चक 26 जीबी को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है वार्ड पंच जुगल किशोर सैन ने ज्ञापन मे बताया कि चक 26 जीबी वर्तमान में ग्राम पंचायत 28 जीबी का गांव है जिसकी ग्राम पंचायत मुख्यालय से दुरी लगभग 6 किमी. है। गांव 26 जीबी की कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1314 है जिसमे सबसे ज्यादा आबादी अनुसूचित जाति की है इस गांव में ज्यादातर लगभग 85 प्रतिशत मजदूर वर्ग निवास होने के कारण काम की मांग के लिए या अन्य कार्यों के लिए काफी दूरी तय करके इनको ग्राम पंचायत मुख्यालय 28 जीबी पहुंचना पड़ता है, जिससे इनको दैनिक मजदूरी में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए 26 जीबी में ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाता है तो इस मजदूर वर्ग को काफी लाभ मिलेगा। इसलिए 26 जीबी को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाकर इसके नजदीक पड़ने वाले गावों को इसमें सम्मिलित किया जाये। चक 26 जीबी मुख्य मार्ग पर स्थित होने से नजदीक पड़ने वाले गावों के आमजन को भी सुविधा रहेगी चक 26 जीबी में पंचायत भवन निर्माण के लिए लगभग 5 बीघा भूमि सरकारी पड़ी है जिसमें भवन निर्माण अच्छे से हो सकता है।

# देश के नौनिहालों, महिलाओं, शिक्षकों की सुरक्षा सर्वोपरि - सुनील शर्मा



### स्कूल आपदा प्रबंधन अभियान के साथ राजस्थान देश का पहला राज्य

हिंदुस्तान एक्सप्रेस/ सांभरलेक।

राजस्थान सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा सर्वत्र समृद्धि संस्थान (एनजीओ) के साथ राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए एमओयू के अनुसार राज्य के स्कूलों में आपदा प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन और शिक्षकों को प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। सर्वत्र समृद्धि संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप इसका क्रियान्वयन सांभरलेक ब्लॉक में किया जा रहा है। कम्युनिटी रेसिलियंस और क्षमताओं के निर्माण के लिए आवश्यक है कि समुदाय के सभी क्षेत्रों के सभी वर्ग जागरूक हों। सरकार का कार्यक्रम जनता का कार्यक्रम बने और हम सुरक्षित राज्य और सुरक्षित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस कार्यक्रम के अनुसार सांभरलेक ब्लॉक में बरडोती, पीपला की ढाणी,गोपालपुरा, अटलपुरा ,हचुकड़ा, कोरसीना, फुलेरा, सांभरलेक,खंडेल, जेतपुरा, जयसिंहपुरा के पीईओ अधीनस्थ सभी पीएस, यूपीएस विद्यालय में स्कूल आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, विद्यार्थियों को आपदा और आपातकालिन स्थिति में त्वरित प्रबंधन के उपाय समझाए गए। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष सीताराम कुमावत,सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा, प्रिंसिपल कुसुम सूत्रकार,मेवा राम गुर्जर, सोहन लाल जाट, महेश कुमावत,अध्यापक रामधन जांगिड़, जगदीश प्रसाद यादव, भवर लाल स्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

# अनूठी कार रैली और ट्रैजर हंट के माध्यम से राजस्थान के सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत प्रदर्शन

### राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर द ग्रैंड हेरिटेज चेज़

### पर्यटन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सहयोग से हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सहयोग से द ग्रैंड हेरिटेज चेज़ एक अनूठी कार रैली और ट्रैजर हंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज जयपुर में अमर जवान ज्योति से हुआ, जहां मुख्य अतिथि, पर्यटन, कला और संस्कृति सचिव तथा आयुक्त, आईएएस, रवि जैन ने हरी झंडी दिखाकर कार रैली को रवाना किया। इस दौरान आईसीसी राजस्थान की चेयरपर्सन, जयश्री पेरीवाल सहित जेके जाजू, मनुज गोयल, विज्ञान लोढ़ा, उदय परनामी; फेयरमोंट जयपुर से जुई कुलकर्णी शर्मा और रतन शर्मा और राजस्थान पर्यटन, संयुक्त निदेशक, पुनीता सिंह उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त, पर्यटन



से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और कॉर्पोरेट लीडर्स भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर आईएएस, रवि जैन ने कहा कि राजस्थान दिवस पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया गया। यह आयोजन 'द ग्रैंड हेरिटेज चेज़' अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का एक खास मौका है। राजस्थान पर आधारित विशेष थीम कार रैली और ट्रैजर हंट जैसी अनूठी रोमांचक गतिविधियों ने लोगों को हमारे राज्य के गौरवमयी इतिहास और संस्कृति को जानने और समझने का एक अद्भुत अवसर प्रदान किया।

आईसीसी राजस्थान की चेयरपर्सन, जयश्री पेरीवाल ने कहा कि राजस्थान पर्यटन के साथ इस अद्वितीय आयोजन में सहयोग करना हमारे मिशन के अनुरूप है, जो विरासत-आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस आयोजन के माध्यम से हमारा उद्देश्य राजस्थान के विरासत और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण थीम्ड कार रैली प्रतिभागियों के लिए एक यादगार और रोमांचक अनुभव साबित हुआ। रैली में करीब 50 कारें शामिल हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी गाड़ियों को रंगीन राजस्थान के पारंपरिक मोटिफ्स से सजाया, जो राज्य की समृद्ध कला, किलों और ऐतिहासिक धरोहरों को दर्शाते थे। रैली ने जयपुर के ऐतिहासिक क्षेत्रों में एक सुंदर यात्रा का अवसर प्रदान किया, जहां प्रतिभागियों ने विभिन्न चेकपॉइंट्स पर सांस्कृतिक क्विज़ और इंटरएक्टिव गतिविधियों के जरिए राजस्थान की संस्कृति और इतिहास की गहरी जानकारी हासिल की। इसके अतिरिक्त, रैली में शामिल एक अन्य प्रमुख आकर्षण था ट्रैजर हंट विद अ ट्विस्ट, जिसमें टीमों को राजस्थान के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल जैसे हवा महल, आमेर फोर्ट, और जंतर मंतर से जुड़ी पहेलियों को हल करने के लिए चुनौती दी गई। यह चुनौती न केवल उनके राजस्थान के बारे में ज्ञान को परखने का एक तरीका था, बल्कि उनके सामूहिक प्रयास और टीमवर्क की भी परीक्षा थी। कार्यक्रम का समापन होटल फेयरमोंट जयपुर में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। जहां विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई और 4 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्ठा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुरङ्करायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

### 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई

1. खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) 6 किमी (लागत 80 करोड़)
2. सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) -12 किमी (लागत 168 करोड़)
3. दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) -16 किमी (लागतः 256 करोड़)
4. निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) -23 किमी (लागतः 347 करोड़)
5. भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) -12 किमी (लागतः 233 करोड़)
6. राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) -31 किमी (लागतः 328 करोड़)
7. करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) -8 किमी (लागतः 95 करोड़)

राष्ट्र को समर्पित की गई रेलवे परियोजनाएं:

1. राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) -48 किमी (लागतः 747 करोड़)
2. नई रेल लाइन -मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर -26 किमी (लागतः 353 करोड़)
3. दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) -37 रेल किमी (लागतः 88 करोड़)
4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभः

अभनपुर-रायपुर (व्हाया-मंदिर हसौद) मेमू ट्रेन सेवा

परियोजनाओं के प्रमुख लाभः

नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटीः अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

यात्रियों के लिए तेज़ और सुविधाजनक यात्राः नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज़ और सुगम होगी।

रेल यातायात में सुधारः तीसरी, चौथी और पाँचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

माल परिवहन को बढ़ावाः औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज़ और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटीः अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

# भारतीय नववर्ष पर हुए कई आयोजन





### जगह जगह लोगों में दिखा उत्साह

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** चैत्र शुक्ला एकम भारतीय नववर्ष पर रविवार को चाकसू में विभिन्न संगठनों एवं आमजन की ओर से कई कार्यक्रम हुए। इस दौरान लोगों में खासा उत्साह नजर आया। भाजपा परिवार की ओर से फागी मोड, राधाबल्लभ मंदिर एवं तहसील के निकट नववर्ष पर लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। फागी मोड एवं राधाबल्लभ मंदिर के सामने चाकसू विधायक रामवतार बैरवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन को तिलक लगाया और शर्बत वितरण कर लोगों का मुंह मीठा कराया। यहां विधायक बैरवा ने आमजन को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के महत्व की जानकारी दी। कोटखावदा



मोड पर शिक्षक संघ की ओर से आमजन को तिलक लगाकर एवं शहनाई वादन कर नव वर्ष का स्वागत किया गया। यहां विधायक बैरवा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। तहसील चौराहा के निकट विधायक बैरवा ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और लोगों से रामा-श्यामा की। वहीं युवाओं की ओर से विधायक के नेतृत्व में परींडे बांधों अभियान की भी शुरुआत की गई। चाकसू अस्पताल के निकट कार्यकर्ताओं ने विधायक बैरवा की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के मोदी की बात सुनी। यहां बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रमों के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, चाकसू नगर भाजपा अध्यक्ष कृष्णा सैनी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अर्जुन सिंह राजावत, पूर्व पदाधिकारी सुमन कुमावत, पूर्व नगर अध्यक्ष रामधन सैनी, पूर्व नगर अध्यक्ष अमित बाहेती, लालाराम जादम, रामबाबू गोडीवाल, हरफूल खींची, राघव प्रकाश शर्मा, धर्मराज गुर्जर व सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा, विनोद राजोरिया, चौथमल जैन, फूलचंद महावर व राजेन्द्र जैन मास्टर सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घरों मंदिरों में घट स्थापना

प्रथम नवरात्र के मौके पर रविवार को चाकसू क्षेत्र में घरों एवं मंदिरों में घट स्थापना के आयोजन किए गए। इस दौरान लोगों ने मां शक्ति का पूजन अर्चन भी किया।

### नीलकंठ मंदिर में हुआ आयोजन

चाकसू के नीलकंठ महादेव हनुमान मंदिर में शाम को कार्यकर्ताओं एवं आमजन की ओर से 108थालों में दीपक सजाकर भगवान की सामुहिक महाआरती की गई। इस मौके पर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ भी हुए। कार्यक्रम में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने शिरकत की।

# यज्ञ के लिए भूमि एवं ध्वज पूजन, संकीर्तन में बही भक्ति की बयार



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** चाकसू के तामड़िया स्थित श्री रामधाम आश्रम में धन्नापीठाधीश्वर बजरंगदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में में आगामी 108 कुंडीय यज्ञ के लिए रविवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर खोजीपीठाधीश्वर रामरिछपाल दास एवं संत सीयाराम दास महाराज सहित अन्य संतों की मौजूदगी में वेद मंत्रोच्चार के साथ धन्नापीठाधीश्वर महाराज एवं यजमानों ने भूमि एवं ध्वज का पूजन किया। इस मौके पर बजरंग सत्संग मंडल जयपुर एवं बजरंग सत्संग मंडल चाकसू की ओर से सत्संग व हरिनाम संकीतंर्न का आयोजन किया गया। जिसमें गायकों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन आरती व भंडारा प्रसादी के साथ किया गया। इस दौरान आश्रम समिति एवं यज्ञ आयोजन समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु बडी संख्या में मौजूद रहे।

# रामेश्वरम में नए पंवन ब्रिज के उद्घाटन से पहले सफल परीक्षण



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** पंबन ब्रिज और रामेश्वरम में रेलवे, तटरक्षक, राज्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने 29 मार्च 2025 को नए पंबन ब्रिज के खुलने का पूर्वाभ्यास किया। तटरक्षक पोत को गुजरने की अनुमति देने के लिए शेर्ज़र स्पैन के साथ पुराने पंबन ब्रिज को भी खोलना पड़ा। इस पूर्वाभ्यास में समय को एक समान करने के लिए पुराने और नए पंबन ब्रिज को खोलना शामिल था, और तटरक्षक जहाज को नए पुल के खुले लिफ्ट स्पैन के नीचे दूसरी तरफ जाने की अनुमति देने के बाद, समय को मापने के लिए नए पुल के उठाए गए हिस्से को नीचे उतारा गया। नए पुल के लिफ्ट स्पैन को नीचे करने के बाद, समय की जांच करने के लिए पंबन छोर से मंडपम छोर तक और मंडपम छोर से पंबन छोर तक पंबन पुल के पार ट्रेन चलाई गई। अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि परीक्षण सफल रहे।

# हिंदू नवसंवत्सर पर भाजपाइयो ने हम्मीर सर्किल पर तिलक लगाकर किया आमजन का अभिनन्दन

**सवाई माधोपुर ।** हिंदू नवसंवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आज भाजपा कार्यकर्ताओ ने हम्मीर सर्किल पर तिलक लगाकर आमजन का स्वागत किया । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि नवसंवत्सर के अवसर पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निर्देशन पर सभी भाजपा पदाधिकारी प्रातःकाल एकत्रित होकर हम्मीर सर्किल पहुंचे जहां उन्होंने आगंतुकों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डॉ किरोडीलाल मीणा भी उपस्थित रहे, उनको भी भाजपा पदाधिकारियों ने तिलक लगाया और नववर्ष की शुभकामनाएं दी 7 इस दौरान हम्मीर सर्किल पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, अध्यक्ष बनवारी जाट, पूर्व सभापति विमला शर्मा, पार्षद नीरज अकेला, लालचंद गौतम, मुकेश शर्मा, प्रणव गौतम, राजू दाधीच, मोहनलाल कौशिक, हरिशंकर सुवालका आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम ला रही है रंग

## राजस्थान में श्री खाटू श्याम मंदिर में विकास कार्यों के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की मिली स्वीकृति

### राजस्थान दिवस पर राजस्थान पर्यटन विभाग को मिली बड़ी उपलब्धि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान पर्यटन को दुनिया के पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम लगातार सफल हो रही है। राजस्थान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प साकार हो रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत राजस्थान में श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्यों के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो कि राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रथम किस्त 878.70 लाख रुपये अर्थात कुल परियोजना लागत का 10त्न आवंटित कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का मानना है कि राजस्थान में खाटू श्याम जी जैसे मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है यहां विकास कार्यों से निश्चित ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 31 दिसम्बर 2024 तक मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिये गए थे। दिया कुमारी के निर्देशो पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सीकर में श्री खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्यों की डीपीआर मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत की गई थी।

राजस्थान सरकार ने 12 मार्च 2025 को आयोजित मिशन निदेशालय की बैठक में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। मिशन निदेशालय ने टिप्पणियों और एनओसी/मंजूरी के अनुपालन के अधीन परियोजना की मंजूरी के लिए सीएसएमसी को प्रस्ताव की सिफारिश की। केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की समीक्षा की और 21 मार्च 2025 को आयोजित अपनी बैठक के दौरान इसे मंजूरी दे दी।

# अवैध खनन कर पत्थर ब्लॉक का परिवहन करते हुये आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अभियान अरावती के तहत अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सदर बाड़ी ने अवैध खनन मामले में एक आरोपी को बसेड़ी रोड से गिरफ्तार किया है। बाड़ी थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रविवार को चोरी छुपे रूप से अवैध खनन कार्य कर ट्रेलर में पत्थर (ब्लॉक) 6 नग भर कर परिवहन कर बेचने ले जाते हुये बसेड़ी रोड टोल के पास से एक आरोपी रुपेश पुत्र रामवीर गुर्जर निवासी बागधर थाना बसेड़ी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध पत्थर (ब्लॉक) को बेचने ले जाने में एक ट्रेलर को मय अवैध पत्थर (ब्लॉक) 6 नग भरे हुये के जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही जारी है।

# हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बाड़ी में निकली भव्य शोभायात्रा

### भारतीय संस्कृति उत्थान समिति के तत्वाधान में हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** भारतीय संस्कृति उत्थान समिति बाड़ी के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के अवसर पर बाड़ी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा के संयोजक विष्णु महेरे ने बताया कि भारतीय संस्कृति उत्थान समिति पिछले कई वर्षो से बाड़ी में निकलने वाली समस्त महापुरुषों की शोभायात्राओं एवं कार्यक्रमों का स्वागत सम्मान करती आई है, आज हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा के अध्यक्ष शिवशंकर ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति युवाओं में आकर्षित करना, त्योहार मनाना हम सब की जिम्मेदारी है, शोभायात्रा के सहसंयोजक दिनेश गुर्जर ने सभी युवाओं से अपने त्यौहार मनाने की अपील की। शोभायात्रा बाड़ी के अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर सीताराम बाजार, लोहार बाजार, घंटाघर ,गर्ल्स स्कूल होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ शहर के मुख्य चौराहों पर सर्व समाज,, बाड़ी की सभी संस्थाओं सभी समाजों ने बढ़कर भाग लिया एवं भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया एवं एवं नवरात्र की प्रथम दिन पर सभी ने एक दूसरे को होली टीका लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की शोभा यात्रा सामाजिक समरसता एवं सद्भावके साथ संपन्न हुई, जिसमें पुलिस प्रशासन का माकूल व्यवस्था रही, इस मौके पर युवाओं ने जय श्री राम के नारे लगाए जिससे शहर गूंज उठा, शोभायात्रा में प्रमुख समाजसेवी भगवान दास गर्ग, विष्णु सिंघल, सनौरा, कपिल गर्ग, सुनील गर्ग कंपनी परिवार, रवि मोदी, महेश भटेले, दारा सिंह पचोरी, डॉ. जितेंद्र शर्मा, धर्मराज गुर्जर, राहुल कौशल, दीपक परमार, विकी परमार, शरद चौहान, गोपेश पचौरी, रामकुमार गर्ग, अग्रवाल समाज के मुन्नालाल मंगल, राधेश्याम गर्ग एडवोकेट, हरिशंकर सराफ, हरीबाबू गौड़, नरेश यादव, नरेंद्र जादोन, आकाश यादव, रामेंद्र मीणा, हरिओम अग्रवाल, मुकेश बिधौलिया, रामकुमार शर्मा, नत्थीलाल पहाड़िया, ललित शर्मा, सतीश प्रजापति, भुवनेश्वर शर्मा, सचिन बंसल, अमित मंगल, प्रेम सिंह पोसवाल, अशोक शर्मा, कार्तिकेय, ऋषभ शर्मा, विजेंद्र सोनी, वंदना शिवहरे, रोशनी शिवहरे, निरमा सिंघल, ऊषा मित्तल, रजनी सिंघल, संध्या शर्मा, कामना महेरे एवं मातृशक्ति मौजूद रही।



» बाड़ी.. शोभायात्रा निकालते पदाधिकारी

# प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को देखने के लिए बीजेपी पदाधिकारी हुए एकत्रित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» बाड़ी...मन की बात सुनते बीजेपी पदाधिकारी।

**बाड़ी।** शहर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे की अध्यक्षता मे बूथ संख्या 207 और वार्ड 14 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 120 में संस्करण में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें भारत के विविध नव वर्ष और वसंत त्यौहार, भारत में बच्चों के लिए त्यौहार, परीक्षाएं और ग्रीष्मकालीन गतिविधियां, राष्ट्रीय पहल, अध्ययन दौरे, ग्राम विकास और जल संरक्षण, जल संरक्षण प्रयास और लचीलेपन की भावना, खेलो इंडिया पैरा गेम्स, फिट इंडिया कार्निवल और स्वदेशी खेलों का उदय, विदेश में भारतीय विरासत का जश्न मनाना, कला और लचीलेपन के माध्यम से जड़ों से जुड़ाव आदि विषयों के माध्यम से देश के लोगों को संदेश दिया।

इस मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमे बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, नरेश यादव, रामकुमार कुशवाहा, सतीश प्रजापति, प्रदीप भारद्वाज, नितिन शर्मा, डॉ जितेंद्र शर्मा, मनोज कोली, बंटी शर्मा, मोहन सिंह राजेंद्र प्रसाद गर्ग, बीएल प्रजापति, नाजिया खान, विजय लक्ष्मी यादव, ललिता यादव, सीमा सोनी, देवांशी, रेनू शिवहरे, देवकी, शांति देवी, अवंतिका शिवहरे, लक्ष्मी, गुंजल, पायल सिंगारिया, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# राजस्थान स्थापना दिवस : मैत्री फुटबॉल मैच में धौलपुर मचकुंड 2-1 से रही विजयी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस को लेकर जिला फुटबाल संघ द्वारा मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन कराया गया। जिसमें धौलपुर मचकुंड 2-1 से विजई रही।

जानकारी देते हुए धौलपुर फुटबॉल संघ के सचिव संदीप राना ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस को लेकर संघ द्वारा फुटबॉल मैत्री मैच का आयोजन धौलपुर मचकुंड व धौलपुर चंबल के मध्य इंदिरा गांधी स्टेडियम पर कराया गया। जिसमें धौलपुर मचकुंड 2-1 से विजई रहा। सचिव संदीप राना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के एग्जाम समाप्त हो चुके हैं वे अब नियमित रूप से ग्राउंड पर आए और अपने खेल पर फोकस करें। उन्होंने विद्यार्थियों को राजस्थान के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि यह हमारे लिए बड़े गौरव का बात है कि हम देश के सबसे प्रतिष्ठित राज्य के नागरिक हैं। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर फुटबॉल लीग का आयोजन फुटबॉल संघ द्वारा कराया जाएगा।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की नई कार्यकारिणी घोषित



» धौलपुर...कर्मचारी महासंघ की घोषित नई जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री व तृतीय प्रतिनिधियों की जिला महासमिति की बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागार में महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भारतीय नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर पदाधिकारियों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर नव संवत्सर की बधाई दी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने महासंघ के विधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के योगेश पांडेय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजस्थान सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ से शिवदत्त गोस्वामी, राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज से श्रीराम गोस्वामी व राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ से कृष्णा सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के रविंद्र सिंह त्यागी को जिला महामंत्री, राजस्थान कानूनगो संघ के हृदेश पाठक व राजस्थान कृषि स्नातक संघ के राकेश कुमार कुशवाहा को जिला संयुक्त मंत्री तथा राजस्थान पैरा टीचर संघ के सतीश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी है।जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया की नई कार्यकारिणी में जिला संगठन मंत्रीगेंदालाल त्यागी राजस्थान पटवार संघ,जिला प्रचार मंत्री रोशन लाल मीणा,राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ सांख्यिकी, जिला विधि मंत्री अरविंद सिंहअखिल राजस्थान राज्य कृषि पर्यवेक्षक संगठन, खेल व सांस्कृतिक मंत्रीअविनाश अग्रवाल राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत,जिला कार्यालय मंत्री,अमर तिवारीराजस्थान वन श्रमिक संघ तथा प्रवक्ता के पद पर दीपक शर्मा राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघएवं संघर्ष समिति संयोजक यदुवीर सिंह गुर्जर पटवार संघ एवं सह संयोजक नर्सिंग एसोसिएशन के विकास त्यागी को बनाया गया है। इसके अलावा महासंघ से संबंध संगठनों के सभी जिलाध्यक्षों को जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।जिला महासमिति की बैठक में सभी महासंघ के संबद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व नई कार्यकारिणी का बुके भेंट कर, माल्यार्पण एवं पगड़ी बांधकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर श्रीभान सिंह गुर्जर, हरीशंकर शर्मा, सुरेंद्र दीक्षित, हरीसिंह गुर्जर, देवेंद्र सिंह परमार, गोपाल कृष्ण शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, होरीलाल, लोकेंद्र सिंह गुर्जर , मेघ सिंह परमार , सत्यभान शर्मा, होतम सिंह लोधी, बृजमोहन शर्मा, धर्मेंद्र त्यागी, अनिल मिश्रा, लोकेंद्र गर्ग, प्रसनजीत सहित विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री मौजूद रहे। महासंघ के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने, नई जिला कार्यकारिणी का अगले महीने शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराने सहित सभी संबद्ध संगठनों में जल्द निर्वाचन कराकर नई टीम गठित कराने सहित कई नीतिगत एवं संगठनात्मक फैसले लिए गए। बैठक के अंत में विकास अधिकारी धौलपुर एवं संगठन के उपाध्यक्ष शिवदत्त गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदू नव वर्ष

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर...कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक संघ के पदाधिकारी

**धौलपुर ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्रि स्थापना एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के प्रमुख शिक्षाविद् एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गुलाब बाग चौराहे पर किया गया, जहां प्रसादी वितरण एवं रंगोली सजाने का विशेष आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जिला प्रचारक रौनक भाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ, जिला सचिव प्राचार्य डॉ. गिर्राज मीणा, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, भारतीय शिक्षण मंडल के सहसंयोजक विशम्भर पाराशर, प्रधानाचार्य शिवदत्त शर्मा, विभाग संगठन मंत्री गोविंद प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अजय मुदगल, उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा एवं धर्मेंद्र सिंह, उपशाखा ग्रामीण अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा एवं मंत्री रामकुमार गुर्जर, कोषाध्यक्ष जूहूबोलाल शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, शहरी शाखा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुशवाहा सहित शिवपूजन शास्त्री अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रचारक ने हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि स्थापना के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा समाज को एकजुट होकर सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश दिया। जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि हिंदू नव वर्ष 354 दिवस होते हैं तथा प्रत्येक 3 वर्ष में एक मलमास आता है। हिंदू नव वर्ष दिन की शुरुआत सूर्योदय के साथ होती है। इस अवसर पर समस्त नगरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। राष्ट्रीय शिक्षक संघ द्वारा किए गए इस आयोजन को सभी ने सराहा एवं भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन मंगलमय वातावरण में जिला मंत्री राष्ट्रीय पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा किया गया।

# भारत विकास परिषद शाखा के वार्षिक चुनाव सम्पन्न



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भारत विकास परिषद शाखा के वार्षिक चुनाव सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल बालाजी नगर धौलपुर में सर्वसम्मिति से अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव अधिकारी जितेन्द्र सिंह जादौन के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराये गये । अध्यक्ष पद के लिए मुकेश कुमार गर्ग का नाम प्रणव मुखर्जी द्वारा प्रस्तावित किया गया। जिनका राकेश गर्ग और अरुण शर्मा ने समर्थन किया। इसी प्रकार जितेन्द्र कुमार शर्मा का सचिव पद के लिए जयंत मोदी ने प्रस्तावित किया और विजय राना और मुकेश बंसल ने समर्थन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिये नरेन्द्र कुमार शर्मा का नाम राजीव झा द्वारा प्रस्तावित किया गया और हरीश त्यागी एवं हेमन्त पाराशर ने समर्थन किया। इस प्रकार जनसम्मिति से तीनों पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न कराया गया। भारत विकास परिषद शाखा में वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मुकेश कुमार गर्ग, सचिव जितेंद्र कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा रहेंगे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा के सभी सदस्यों व परिवार की उपस्थिति रही।

# हिंदू नव वर्ष पर 501 दीपकों से की मां दुर्गा की आरती

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर...कार्यक्रम में उपस्थित अग्रवाल महिला मण्डल की पदाधिकारी।

**धौलपुर।** भगवान गणेश के पावन मंदिर भार्गव वाटिका में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर 501 दीपकों से मां दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का सफलतापूर्वक संचालन इनर व्हील क्लब एवं अग्रवाल महिला मंडल शहर द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और भक्तिभाव से इस आरती में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और दिव्य आभा से आलोकित हो उठा।

इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की सीसी रेनू भार्गव, पूर्व अध्यक्ष रेनू गुप्ता एवं अग्रवाल महिला मंडल शहर की अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा जिंदल उपस्थित रहीं। साथ ही, रजनी मंगल, कविता गर्ग, ममता गर्ग, सरोज गर्ग, संध्या अग्रवाल, सीमा बंसल एवं विश्व हिंदू परिषद की संयोजिका रजनी गोयल भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान दीप यज्ञ का आयोजन प्रतिभा जी एवं शारदा आर्य द्वारा किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# संस्कार भारती ने विक्रम संवत पर राहगीरों का किया स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बजरिया रोड पर कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ओर से भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 और नवदुर्गा महोत्सव के उपलक्ष में आने-जाने वाले लोगों के वाहनों पर भगवा पताकाएं लगाकर, भगवा दुपट्टा पहनाकर व तिलक और मिष्ठान के माध्यम से नागरिकों का स्वागत करते हुए उन्हें मंगलकामनायें दीं गईं। संस्कार भारती के जिला संयोजक मुकेश सूतैल ने बताया कि समाजसेवी राहुल सिंघल के नेतृत्व में नया विक्रमी संवत नाया गया। इस अवसर पर राहुल सिंघल ने नागरिकों को बताया कि यही संवत पूर्णत वैज्ञानिक तथा धार्मिक है। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हर काम में इसी कलैंडर का प्रयोग किया जाता है और यही परंपरा व संस्कृति भारत के गौरव को बढ़ाती है। मुकेश सूतैल ने बताया कि ईसवी कैलेंडर की अपेक्षा विक्रमी कैलेंडर को सभी शुभ कार्यों के लिए प्रयोग में लाया जाता है, अत इस दिन सभी लोगों को नए वर्ष का स्वागत बड़े ही धूमधाम से करना चाहिए। इस अवसर पर प्रखर गड़ेंचिया, लक्ष्मीनारायण झा, स्नेह गर्ग, शुभम सिंघल, दीपू कुशवाह, बलवीर सिंह राना, राजेश शर्मा, अंकित सिंघल सहित अनेक लोगों ने नागरिकों को नए वर्ष की मंगलकामनायें दीं।

# शास्त्रीनगर विकास समिति की बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर.. बैठ क में उपस्थित समिति के पदाधिकारी।

**धौलपुर।** शास्त्रीनगर विकास समिति की बैठक मंदिर शास्त्रीनगर सेक्टर तीन-चार पर अध्यक्ष सतीश शर्मा मैनेजर और संरक्षक दाऊदयाल सिंघल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सचिव योगेश पाण्डेय ने बताया इस वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर पर एक विशाल भंडारे का 12 अप्रैल को आयोजन किया जाएगा तथा शास्त्रीनगर सेक्टर 2, 3, 4 में जो भी स्थानीय समस्याएं होगी उनको मिल जुल कर निराकरण करेंगे। कॉलोनी वासियों ने बताया कि इस समय कॉलोनी में सीवर के जलभराव की बहुत विकट समस्या है। जल्दी इस समस्या को दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों से मुलाकात समस्या से निजात दिलवाया जाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही मंदिर पर हिंदू नवसंवत्सर 2082 को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष ऋषि मित्तल, शिक्षाविद महेश गोयल ने बताया कि हमें हमारी पीढ़ियों को हिन्दू नव वर्ष के बारे में जागरूक करना चाहिए। तभी हम अपनी सनातनी विरासत को संरक्षित कर सकते है। इस मौके पर मुकेश शर्मा, वीरेंद्र गर्ग, यशपाल सिकरवार, जेपी त्यागी, बबलू शर्मा, अनिल गोयल वीरेंद्र गर्ग, जय शिव राणा पार्षद, ललित कुल श्रेष्ठ उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद शाखा हिन्दू नववर्ष मनाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में नवसंवत्सर 2025 विक्रम संवत 2082 कार्यक्रम पुराने डाकखाने चौराहे पर सभी नगरवासियों को अक्षत चंदन व मिष्ठान देकर मनाया गया।

इस अवसर पर परिषद के आदित्य गोयल, सचिन जैन, राजीव झा, जयंत मोदी, प्रणव मुखर्जी, मुकेश बंसल, विजय राना, हरीश त्यागी, गोविंद गर्ग, प्रणव मुखर्जी उपस्थित थे।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस थाना मनियां ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना मनियां रामनरेश मीणा ने बताया कि पोक्सो एक्ट में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले वांछित आरोपी विजय उर्फ जन्डैल पुत्र गोपाल कुशवाह निवासी सुआ का बाग थाना मनियां को गिरफ्तार करने में सफलता हासलि की है।

# श्याम जागरण का आयोजन

**धौलपुर।** गत रात्रि भांतिपुरा में श्याम जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी भजन गायक सुरेंद्र सिंह राजावत ने दर-दर का भटकना छूट गया जब से श्याम तेरा दरबार मिला आदि भजन सुना तो पंडाल में मौजूद भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया दिनेश महावर, संतोष मवोरिया ने भजन सुनाए च जनता को नाचने पर मजबूर कर दिया पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम भोर तक चला।



## संपादकीय

# पाकिस्तानी मानसिकता, हरकतों से बाज नहीं आ रहा पड़ोसी देश



पाकिस्तान का अंध भारत विरोध लाइलाज हो गया है। इसीलिए पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के दमन और उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को यह कहना पड़ा कि हम इस पड़ोसी देश की कट्टर मानसिकता को नहीं बदल सकते। यह सही भी है क्योंकि आतंकी संगठनों को पालने-पोसने की अपनी नीति के चलते वह आर्थिक रूप से बदहाल है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश के दो आतंकियों के मारे जाने से फिर से यह सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि ये दोनों आतंकी पाकिस्तान से ही आए थे। सुरक्षा बलों ने गत दिवस इनके बचे हुए साथियों को जम्मू संभाग के ही एक अन्य इलाके में घेरा। देर-सबेर ये भी मारे जाएंगे, लेकिन यह आवश्यक है कि उनका सफाया करते समय सुरक्षा बल सतर्कता बरतें, ताकि किसी तरह क्षति न उठानी पड़े। यह अच्छा नहीं हुआ कि कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़ करते समय जम्मू-कश्मीर पुलिस के चार जवानों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। कठुआ के जंगलों में पाकिस्तान से आए आतंकियों की तलाश यही बताती है कि वे सीमा पार से घुसपैठ करने में समर्थ बने हुए हैं। यह घुसपैठ पाकिस्तान के सहयोग और समर्थन के बिना संभव नहीं। भारत को इसे असंभव बनाने के लिए नए सिरे से कुछ जतन करने होंगे। इसलिए और भी अधिक, क्योंकि पिछले कुछ समय से यह साफ दिख रहा है कि जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि वहां के अलगाववादी गुट मुख्यधारा में लौटने लगे हैं। हाल में चार अलगाववादी गुटों ने जिस तरह मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया, उससे यही रेखांकित होता है कि जम्मू-कश्मीर में यह धारणा प्रबल हो रही है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद एवं अलगाववाद निरर्थक है। कठिनाई यह है कि पाकिस्तान यह समझने के लिए तैयार नहीं कि वह एक हारी हुई और निरर्थक लड़ाई लड़ रहा है। पाकिस्तान का अंध भारत विरोध लाइलाज हो गया है। इसीलिए पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के दमन और उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर को यह कहना पड़ा कि हम इस पड़ोसी देश की कट्टर मानसिकता को नहीं बदल सकते। यह सही भी है, क्योंकि आतंकी संगठनों को पालने-पोसने की अपनी नीति के चलते वह आर्थिक रूप से बदहाल है और फिर भी जम्मू-कश्मीर को अस्थिर-अशांत करने की अपनी सनक छोड़ने के लिए तैयार नहीं। इन स्थितियों में भारत को उसे सही रास्ते पर लाने के लिए कुछ नया और अलग करना होगा। एक तो उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना होगा और दूसरे यह सीधा संदेश देना होगा कि उसे जम्मू-कश्मीर में आतंक को बढ़ावा देने की कीमत चुकानी पड़ेगी। जब तक पाकिस्तान यह कीमत नहीं चुकाता, तब तक वह भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को प्रश्रय देता रहेगा और जम्मू-कश्मीर में उनकी घुसपैठ भी कराता रहेगा। बेहतर हो कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी आलोचना करते हुए ऐसी किसी रणनीति पर अमल भी करे, जिससे उसे यह आभास हो कि यदि वह अपनी हरकतें नहीं छोड़ता तो वह चैन से नहीं रह पाएगा।

# कुछ लाख अंग्रेजों ने करोड़ों भारतीयों पर किया राज, अपने से नीचे तबके पर हमेशा शासन करता आया है धनाढ्य वर्ग

**समाज की कुछ विडंबनाएं हमेशा हमारे सामने होती हैं, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। मगर जब कभी स्थिर मन से हम इस पर विचार करने लगते हैं, तब जाकर लगता है, सचमुच ये कैसी विडंबनाएं है, जो हमारे आसपास होते हुए भी हमसे दूर ही रहीं। ऐसा होना नहीं चाहिए था, लेकिन होता रहा और हम जाने-अनजाने उसे समझ सकने या उसे रोक पाने में असमर्थ रहे या हमने सचेतन उसे रोका नहीं**



लाखों के गहने बनाने वाले कारीगर उसे चाहकर भी खरीद नहीं पाते। वे गहने उनके हाथों से फिसलकर दूसरे हाथों तक पहुंचते हैं। मकान बनाने वाले कारीगरों का भी यही हाल है। कई मंजिला इमारत बनाने वाले कहीं झोपड़ी में ही रहते हैं। उनकी झोपड़ी का आसमान पास की ऊंची-ऊंची इमारतों से भी बड़ा होता है। समाज की कुछ विडंबनाएं हमेशा हमारे सामने होती हैं, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। मगर जब कभी स्थिर मन से हम इस पर विचार करने लगते हैं, तब जाकर लगता है, सचमुच ये कैसी विडंबनाएं है, जो हमारे आसपास होते हुए भी हमसे दूर ही रहीं। ऐसा होना नहीं चाहिए था, लेकिन होता रहा और हम जाने-अनजाने उसे समझ सकने या उसे रोक पाने में असमर्थ रहे या हमने सचेतन उसे रोका नहीं। इसे एक उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है कि एक मजदूर एक कुंतल वजन अनाज के बोरे को उठा सकता है, लेकिन उसकी आय और क्रयशक्ति इतनी नहीं है कि जरूरत होने पर भी वह आसानी से उसे खरीद सके। दूसरी ओर, जो व्यक्ति आसानी से एक कुंतल अनाज के बोरे को खरीद सकता है, वह उसे उठा नहीं पाता। पैठणी साड़ी के एक-एक धागे को बुनने वाली मजदूर महिला उसे खरीद नहीं सकती। वह साड़ी उसके हाथों में होती है और अगर उसके पास कहीं होती है तो बस उसके सपनों में। हाथों की लकीरें सपनों को बुनने का ही काम कर सकती हैं। इसी तरह कुछ और विडंबनाएं हैं। जैसे लाखों के गहने बनाने वाले कारीगर उसे चाहकर भी खरीद नहीं पाते। वे गहने उनके हाथों से फिसलकर दूसरे हाथों तक पहुंचते हैं। मकान बनाने वाले कारीगरों का भी यही हाल है। कई मंजिला इमारत बनाने वाले कहीं झोपड़ी में ही रहते हैं। उनकी झोपड़ी का आसमान पास की ऊंची-ऊंची इमारतों से भी बड़ा होता है। ऊंची इमारतें उनके लिए नहीं होती हैं। बल्कि जिन इमारतों को उन्होंने अपनी मेहनत से बनाया होता है, तैयार हो जाने के बाद उन इमारतों के परिसर में उनका प्रवेश प्रतिबंधित या शर्तों पर आधारित होता है। यह कैसी व्यवस्था है कि जिनके हाथों की वजह से हमारी जिंदगी आसान होती है, देश का निर्माण होता है, वही कई बार न्यूनतम सुविधाओं से भी वंचित होते हैं। बहरहाल, ये तो हुई सपनों की बातें। अब अगर इसे ही सच्चाई के धरातल से देखें तो हमें ककहरा पढ़ाने वाले शिक्षकों से आज हम बहुत ही आगे हैं। न केवल धन से, बल्कि कई स्तर पर ज्ञान से भी। पुराने शिक्षक जब मिलते हैं, तब अपनी उपलब्धि बताते हुए हम गर्व से भर उठते हैं। उस वक्त हम यह भूल जाते हैं कि हमारी इस ज्ञान की इमारत की बुनियाद में उसी शिक्षक का ककहरा होता है। कुछ इसी तरह की विडंबनाओं से होकर हमारा समाज गुजरता है। चूंकि हम भी समाज के ही एक अभिन्न अंग हैं, इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम इन विडंबनाओं को समझें कि आखिर यह स्थिति आई ही क्यों? सामाजिक प्राणी होने के नाते भी हमें यह समझना होगा कि समाज के विकास में हमारा क्या योगदान है? देखा जाए, तो आज हम अपने समाज के विकास में कोई योगदान नहीं कर रहे हैं। चंदे के रूप में केवल बड़ी धनराशि दे देने से ही समाज का विकास नहीं हो सकता। इसके लिए चाहिए मानव श्रम। यह भी सच है कि मानव श्रम उसी धनराशि से खरीदा जा सकता है, पर इससे बात नहीं बनती। समाज के समग्र विकास के लिए उसे चाहिए तन-मन और धन से उसकी सेवा। धन देने के लिए सभी तैयार होते हैं, पर तन-मन देने के लिए कुछ लोग ही सामने आते हैं। जब ये लोग मिलकर समाज के लिए काम करते हैं, तो एक सर्वहारा वर्ग तैयार होता है। यही वर्ग आगे चलकर समाज का प्रतिनिधित्व करता है। वास्तविक अर्थों में समाज का यही वर्ग हर जगह दिखाई देता है। स्वतंत्रता के पहले कुछ लाख अंग्रेजों ने करोड़ों लोगों पर शासन किया। धनाढ्य वर्ग सदैव अपने से नीचे तबके के लोगों पर शासन करता आया है। इनकी छत्रछाया में सारे कार्य संपादित होते हैं। मूल कार्य इसी छोटे तबके के हिस्से में आता है और वे इसे कुशलतापूर्वक कर भी लेते हैं। एक तरह से यह संतोषी जीव होते हैं। बहुत ही थोड़े में ये अपना जीवन निर्वाह कर लेते हैं। इनकी इच्छाओं का आकाश बहुत ही छोटा होता है। इस आकाश के नीचे वे सभी समा जाते हैं। दूसरी ओर अनंत इच्छाओं के मालिक अपनी अपार संभावनाओं के चलते इस वर्ग को अपने साथ लेकर सामाजिक कार्य में अपना योगदान देते हैं। धनाढ्य वर्ग को समाज के विद्रूप दिखाई नहीं देते। अगर कोई विद्रूप दिखाई देता भी है, तो वे इसे अनदेखा कर देते हैं। इन्हीं विद्रूपों में छिपी होती है विडंबनाएं, जो दिखाती हैं समाज का असली चेहरा। इस सच से कोई इनकार नहीं कर सकता कि जो सच्चा होता है, हमारी दुनिया उसके लिए बहुत कम निर्धारित करती है, लेकिन जो अच्छे लोग उसका साथ देते हैं। मगर जो झूठा होता है, उसे मिलता तो बहुत कुछ है, पर उसके कठघरे में खड़ा होते ही आमतौर पर लोग उसका साथ नहीं देते। इसलिए विडंबनाओं पर जाने की जरूरत नहीं है। यह देखना चाहिए कि भले लोग, नैतिकता और प्रकृति किसके साथ है? जिसके साथ ये सब हैं, वह सुखी मानव है। जो इससे वंचित हैं, वे माया को ही ईश्वर मानते हैं और उसे ही बटोरने में लगे रहते हैं। यहां हम ईश्वर को प्रकृति भी कह सकते हैं। हमें इसकी उदारता की ओर देखना चाहिए। प्रकृति का उदारमना होना ही हमें अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# तकनीकी स्पर्धा का रोमांचकारी दौर, नवाचार और डिजिटल आर्थिकी के दूसरे चरण में प्रवेश के लिए तैयार भारत

वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अब एक भू-राजनीतिक युद्ध के मैदान से बदला जा रहा है जहां यह मुकाबला चल रहा है कि तकनीक के भविष्य इसके मानकों और इसकी पहुंच को आकार देने में कौन बाजी मारेगा। इस अघोषित युद्ध के मैदान को समझने की जरूरत है। इसमें न तो यह देखा जा रहा है कि कौन आइपी पंजीकृत करता है न ही यह वैज्ञानिक मान्यता की स्पर्धा है। अमेरिकी मतदाताओं ने 7 नवंबर 2024 को एक बड़ा फैसला लिया। नए राष्ट्रपति के चुनाव से कहीं अधिक यह वामपंथ और वैश्विकवाद से हटकर 'अमेरिका फर्स्ट' यानी अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देने के लिए वोट करने का फैसला था। यह बदलाव वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य और प्रौद्योगिकी के आगामी दशक अर्थात 'टेकेड' को भी नए सिरे से परिभाषित करता है। राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी की शुरुआत के बाद से वह निरंतर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस क्रम में वह अपनी नई रणनीतियों को मूर्त रूप देते जा रहे हैं या उसके प्रति संकल्प दोहरा रहे हैं। इसमें पूर्व के राष्ट्रपतियों की गूढ़ता, सूक्ष्मता, क्रमिकता और वैश्विकता का कोई अंश नहीं है और न ही कोई अनिश्चय का भाव। इलेक्ट्रानिक्स के मोर्चे पर एपल इंक द्वारा 500 अरब डालर का निवेश, सेमीकान फैब्स में टीएसएमसी द्वारा 100 अरब डालर का निवेश, मासायोशी सोम सहित एक समूह का 500 अरब डालर का स्टारगेट एआइ निवेश, राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ रणनीति अपने समग्र प्रभावों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीव्र रफ्तार से विस्तार ले रही तकनीकी एवं नवाचारी अर्थव्यवस्था में गहरे परिवर्तनों का आधार बन रही है। स्पष्ट है कि अगला टेकेड पिछले दशक जैसा नहीं रहेगा। प्रौद्योगिकी को वैश्विक सहयोग के क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, जिसमें विशेषकर इंटरनेट पूरी दुनिया को जोड़ने का आधार बना। विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ से एक अर्थ में इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखलाओं के इस प्रकार के रचनात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहन मिला। हालांकि इन सभी संकेतों और अस्पष्ट लक्ष्यों से इतर एक पहलू यह भी है कि चीन का अपना एक पृथक इंटरनेट और डाटा इकोनमी-इकोसिस्टम है, जिसमें उसके अपने बाजारों तक सीमित पहुंच है। चीन ने पश्चिम से टेक आरएंडडी अपनाकर अपने संदिग्ध तौर-तरीकों से वैश्विक जीवीसी में पहले मजबूती से उपस्थिति दर्ज कराई और कालांतर में प्रौद्योगिकी परिदृश्य पर लंबे समय से अग्रणी रहने वाले अमेरिका के लिए एक प्रतिस्पर्धी के रूप में भी वह उभरा है। इसी क्रम में उभरती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ जैसी नई तकनीक में चीनी डीपसीक ने अमेरिकी के संभावित प्रभुत्व को चुनौती देने का काम किया। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रौद्योगिकी परिर्वतनकारी होती है और यह नई व्यवस्था का निर्माण करेगी। उससे यही अपेक्षा भी है, लेकिन दुनिया के अधिकांश देशों की सरकारें इसे महज सक्षम बनाने की भूमिका में रही हैं। शायद चीन को छोड़कर, जिसने पिछले दो दशकों से अदृश्य होकर अर्थात गोरिल्ला रणनीति के साथ प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया है और हाल में अमेरिका द्वारा निर्यात नियंत्रण व्यवस्था कायम करने के बाद इसकी गति तेज कर दी है। डब्ल्यूटीओ के नेतृत्व वाली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अब एक भू-राजनीतिक युद्ध के मैदान से बदला जा रहा है, जहां यह मुकाबला चल रहा है कि तकनीक के भविष्य, इसके मानकों और इसकी पहुंच को आकार देने में कौन बाजी मारेगा। इस अघोषित युद्ध के मैदान को समझने की जरूरत है। इसमें न तो यह देखा जा रहा है कि कौन आइपी पंजीकृत करता है, न ही यह वैज्ञानिक मान्यता की स्पर्धा है। इसे महज बुद्धि या विचारों की लड़ाई भी नहीं कहा जा सकता। इस नई दौड़ का मुख्य उद्देश्य नए तरह के हथियारों की होड़ है। वस्तुतः, यह अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास की दौड़ में सफल और विफल रहने वालों की स्पर्धा है। दुनिया कोविड महामारी के बाद भी अब तक उसकी मार और असर से उबर भी नहीं पाई कि यूरोप एवं पश्चिम एशिया के हिंसक टकरावों ने उसे और और अस्थिर किया है। ऐसी स्थिति में प्रौद्योगिकी ही आर्थिक विकास, समृद्धि एवं रोजगार सृजन को वापस पटरी पर लाने और लागत कम करने के अवसर दे सकती है। आमतौर पर उभरती हुई तकनीक के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचार होता है। विशेष रूप से एआइ के बारे में यह जानना जरूरी है कि एआइ के लिए वास्तविक बेंचमार्क किसी उद्यम एवं राष्ट्र का आर्थिक विकास और सकल मूल्य वर्धन यानी जीवीए को प्रभावित करता है। एआइ की यही दशा-दिशा आगामी टेकेड की नियति को निर्धारित करेगी। यह ऐसा टेकेड है, जिसके लिए अब केवल सामान्य कौशल और शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए बहुत उच्च स्तर के अनुभव और क्षमताओं की आवश्यकता होगी। निःसंदेह बदलते हालात में भारत के लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं पर असर देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में डिजिटल इंडिया लांच करने के बाद मैं उन लोगों में से एक हूं, जो तकनीक और नवाचार में भारत की प्रगति और विकास के भविष्य को देख रहे हैं। आर्थिकी के विकास और इसे वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी एवं प्रभावशाली बनाने को लेकर भारत की दोनों महत्वाकांक्षाओं में एआइ, सेमीकान और इलेक्ट्रानिक्स में तकनीकी नवाचार की भी एक बड़ी भागीदारी होगी। भारत ने पिछले आठ-नौ वर्षों के दौरान अपने नवाचार और डिजिटल अर्थव्यवस्था के पहले चरण को सफलता के साथ आगे बढ़ाया और अब दूसरे चरण में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारी अपनी आर्थिक रणनीति जो एफडीआइ और सार्वजनिक निवेश पर आधारित थी, वह आने वाले वर्षों में निजी खपत और निजी निवेश से अधिक संचालित होगी। तकनीक और नवाचार विशेष रूप से गहन प्रौद्योगिकी, क्षमताओं और कौशल जैसे एआइ, सेमीकान, इलेक्ट्रानिक्स के इन नए क्षेत्रों में पूंजी और निवेश के लिए अन्य देशों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी, लेकिन हमारी प्रतिभा एक ऐसी संपत्ति है, जो प्रतिस्पर्धा के पैमाने पर हमारा पलड़ा भारी कर सकती है। यह दूसरा चरण हमारे इंडिया टेकेड और विकसित भारत का प्रवेश द्वार भी है। ये दोनों लक्ष्य जिन्हें हम सामूहिक रूप से एक राष्ट्र के रूप में प्राप्त कर सकते हैं, जिन्हें हमें अवश्य प्राप्त करना चाहिए। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अधिक प्रतिस्पर्धी टेकेड में सफल बनना होगा। इसलिए तैयार रहिए 2025 में रोमांचकारी सफर का अनुभव मिलने जा रहा है।

# पढ़ते समय क्यों सो जाता हूं?

**कुछ लोग कम सोते हैं जबकि कुछ लोग ज्यादा सोते हैं। वैसे, जिन लोगों को नींद आने में परेशानी होती है, अगर उन्हें किताबें पढ़ने को दी जाएं तो वे सोने लगते हैं या झपकी लेने लगते हैं। हालांकि, यह समस्या पढ़ने वाले बच्चों में अधिक आम है। हालांकि माता-पिता बच्चों की इस समस्या पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं,**



आपने अक्सर माता-पिता को यह शिकायत करते देखा होगा कि उनके बच्चे किताबें खोलते ही सो जाते हैं। ऐसा केवल छात्रों के साथ ही नहीं बल्कि वयस्कों के साथ भी होता है। जैसे ही आप अखबार या किताब पढ़ना शुरू करते हैं, आपकी आंखें नींद से भर जाती हैं। आइए जानते हैं इसके पीछे क्या कारण है... कुछ लोग कम सोते हैं जबकि कुछ लोग ज्यादा सोते हैं। वैसे, जिन लोगों को नींद आने में परेशानी होती है, अगर उन्हें किताबें पढ़ने को दी जाएं तो वे सोने लगते हैं या झपकी लेने लगते हैं। हालाँकि, यह समस्या पढ़ने वाले बच्चों में अधिक आम है। हालांकि माता-पिता बच्चों की इस समस्या पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों की इस समस्या पर ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए जो भी उपाय अपनाए जा सकते हैं, उन्हें अपनाकर नींद न आने की समस्या को खत्म करना जरूरी है, अन्यथा यह आपकी याददाश्त का दुश्मन बन जाएगा। अब बात करते हैं सोते समय नींद आने के विज्ञान की। दरअसल, जब भी हम पढ़ना शुरू करते हैं, तो हमारी आंखों पर अधिक दबाव पड़ता है, जबकि मस्तिष्क कंप्यूटर की मेमोरी की तरह डेटा फीड करता है। ऐसी स्थिति में आंखों की मांसपेशियां शिथिल होने लगती हैं और कुछ ही देर में हमारा मस्तिष्क काम करने से मना करने लगता है और हमें नींद आने लगती है। पढ़ाई करते समय नींद आने से बचने के लिए अध्ययन क्षेत्र में अच्छी रोशनी रखनी चाहिए। पढ़ाई के लिए ऐसा स्थान चुनें जहां बाहरी हवा और रोशनी आती हो, ताकि शरीर तरोताजा रहे। दूसरा कारण यह है कि पढ़ते समय हमारा अधिकांश शरीर आराम की स्थिति में होता है और केवल मस्तिष्क और आंखें ही काम कर रही होती हैं। ऐसी स्थिति में पूरे शरीर को आराम देने से मांसपेशियां शिथिल होने लगती हैं और व्यक्ति को नींद आ जाती है। इसीलिए कहा जाता है कि एक आसन में बैठकर पढ़ना चाहिए। कभी भी बिस्तर पर न पढ़ें, बल्कि कुर्सी या मेज पर बैठकर किताबें पढ़ने का अभ्यास करें। कुर्सी और मेज को देखकर पढ़ाई के लिए मन तैयार होगा और आलस्य रुकेगा। पढ़ाई करने से पहले हल्का भोजन करें ताकि आपको सुस्ती महसूस न हो क्योंकि खाने के बाद भी आपको नींद आती है। जब भी हमारा शरीर आराम करता है, तो वह नींद की अवस्था में चला जाता है। सिर्फ पढ़ते ही नहीं, आपने लोगों को कार में यात्रा करते समय सोते हुए भी देखा होगा। यहां भी वही विज्ञान काम करता है। इतना ही नहीं, हाईवे पर वाहन चालकों को भी नींद आने लगती है, क्योंकि शरीर आराम करने के साथ-साथ उनका मस्तिष्क और आंखें भी काम कर रही होती हैं।

# सेहत के लिए हानिकारक बोतल बंद पानी उच्च जोखिम में शामिल

**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरणों ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (बोतलबंद पानी) को हाई रिस्क हाई रिस्क फूड कैटेगरी में शामिल किया है। एफएसएसएआई ने नए नियम जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अब सभी बोतलबंद पानी बचने वाली कंपनियों की साल में एक बार जांच होगी. पानी की क्वालिटी चेक के लिए यह काम किया जाएगा।**



एफएसएसएआई ने बोतलबंद पानी को हाई रिस्क फूड कैटेगरी में शामिल किया है। अब सभी बोतलबंद पानी बेचने वाली कंपनियों की साल में एक बार जांच होगी। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि बोतलबंद पानी में माइक्रो प्लास्टिक होते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरणों ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (बोतलबंद पानी) को हाई रिस्क हाई रिस्क फूड कैटेगरी में शामिल किया है। एफएसएसएआई ने नए नियम जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अब सभी बोतलबंद पानी बचने वाली कंपनियों की साल में एक बार जांच होगी. पानी की क्वालिटी चेक के लिए यह काम किया जाएगा। अब सवाल यह है कि एफएसएसएआई ने बोतलबंद पानी को हाई रिस्क कैटेगरी में शामिल क्यों किया है। इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। डॉ. कहते हैं कि बहुत देर के बाद यह कदम उठाया गया है. बहुत समय से लोग प्लास्टिक की पानी की बोतल से पानी पी रहे हैं, जिससे माइक्रो प्लास्टिक शरीर के अंदर जा रहा है. माइक्रो प्लास्टिक लोगों के ब्रेन में भी जा रहा है. इसलिए एफएसएसएआई ने जो भी नए नियम बनाए हैं इसको तुरंत लागू करने की जरूरत है। चिकित्सक कहते हैं कि कुछ बड़े होटलों ने शीशे की बोतलों में पानी देना बहुत पहले से ही शुरू कर दिया है, क्योंकि उन्हें पता था कि बोतलबंद पानी में माइक्रो प्लास्टिक शरीर को नुकसान कर रहा है। पहले लोग लोग मटके का पानी पीते थे लेकिन अब ना तो घर में मटका है और न ही सुरई है. अब इनकी जगह प्लास्टिक की बोतलों ने ले ली है। इन बोतलों में प्लास्टिक के अलावा भी इसमें बहुत सारी दूसरी खतरनाक चीजें है जो शरीर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आजकल पानी ही नहीं दूध भी प्लास्टिक की बोतल में आता है जिससे माइक्रो प्लास्टिक इंसान के शरीर में जाता है। हर चीज से माइक्रो प्लास्टिक अंदर जा रहा है इसलिए यह अच्छा कदम उठाया गया है। इस कदम को सख्ती से लागू करना चाहिए। अब लोगों को सलाह है कि प्लास्टिक की बोतल की जगह आपके पास जो पानी घर में आता है उसको ही उबालकर पी लें। इससे कोई नुकसान नहीं होता है। इस ओर भी ध्यान देना चाहिए कि खाद्य पदार्थों की पैकेंग कैसे हो कि सेहत को इससे नुकसान न हो, आने वाले कुछ समय बाद इसके इफेक्ट्स पता चलेंगे अभी भी लोगों की याददाश्त कमजोर हो रही है। कई तरह की बीमारियां हो रही है। इससे हार्ट डिजीज, कैंसर जैसी बड़ी बीमारियां होती है। माइक्रो प्लास्टिक के सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर भी कई तरह की रिसर्च हुई हैं। इनमें बताया गया है कि माइक्रोप्लास्टिक ब्रेन तक को नुकसान पहुंचाता है।



# शुभमन गिल ने जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन की सराहना की

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में शनिवार को गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 36 रन से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 196 रनों का टारगेट सामने रखा। वहीं दूसरी पारी में मुंबई 20 ओवर में 160 रन ही बना सकी। पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन की सराहना की।

प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 ओवर में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव के विकेट लिए। उन्होंने 18 रन दिए और उनकी इकॉनमी 4.5 रही। इस मैच में गिल ने भी एक रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1000 आईपीएल रन भी पूरे कर लिए।

29 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में प्रसिद्ध कृष्णा को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रसिद्ध ने एक ही बार में चार ओवर



फेंके। जब वह गेंदबाजी करने आए तब मुंबई 97/2 पर थी। और टीम को आखिरी नौ ओवरों में 100 रन की जरूरत थी। उनके अलावा मोहम्मद सिराज ने भी 4 ओवर में 2 विकेट लिए, लेकिन 34 रन खर्च कर दिए।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच में 27 गेंदों पर 38 रनों की पारी खेली। गिल ने इस मैच में एक रिकॉर्ड बनाया। वे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने।

गिल ने सिर्फ 20 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। गिल किसी एक वेन्यू पर सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। इससे पहले क्रिस गेल ने बेंगलुरु में 19 पारियों में यह कारनामा किया था। मैच में गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाकर 63 रन बनाए।

# आर्यना सबालेंका ने पहली बार मियामी ओपन जीता, अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराया

**नई दिल्ली।** बेलारूस की पहली सीड टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शनिवार को अपना पहला मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चौथी सीड अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। जीतने पर आर्यना को 9.4 करोड़ रुपए प्राइज मनी मिली। आखरी बार आर्यना ने 2024 यूएस ओपन फाइनल में पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया था। वहीं उन्होंने 28 मार्च 2025 को हुए मियामी ओपन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली की जस्मिन पाओलीनी को 6-2,6-2 से हराया था।

आर्याना सबालेंका इस साल 6 में से 4 इवेंट के फाइनल में पहुंची थी। हालांकि मियामी ओपन से पहले वो केवल ब्रिस्बेन में ही जीत पाई थी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन और इंडियन वेल्स



के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।लगातार 2 साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीती थीं सबालेंका ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। जिसके बाद वो दो महीने तक वर्ल्ड नंबर 1 पर रहीं। उन्होंने उस साल इंटरनेशनल टेनिस एसोसिएशन का वर्ल्ड चैंपियन का अवॉर्ड भी जीता था। 2024 में उन्होंने लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता और एक अमेरिकी ओपन जीता और साल वर्ल्ड नंबर 1 रहते हुए खत्म किया।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने 29 मार्च को मियामी ओपन के मेंस सेमीफाइनल में जीत हासिल कर ली है। उन्होंने मुकाबले में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हरा दिया। अब जोकोविच रविवार रात 12:30 बजे फाइनल मैच में चेक रिपब्लिक के जैकब मेनसिक से भिड़ेंगे। जैकब मेनसिक की वर्ल्ड रैंकिंग 54 है।

# रोहित शर्मा तीन-चार साल पहले के रोहित शर्मा नहीं हैं - संजय मांजरेकर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने रोहित शर्मा के मौजूदा फॉर्म को लेकर बात की है। मुंबई का यह पूर्व कप्तान आईपीएल 2025 में दो मैचों फेल रहा है। इसको लेकर उनकी आलोचना भी हो रही है। खराब शुरुआत के चलते एमआई को अपने शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। मांजरेकर ने रोहित के फॉर्म को लेकर गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा है कि इस सीनियर बल्लेबाज के हाथ से चीजें फिसल रही हैं। मांजरेकर ने कहा कि रोहित अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उन्हें हर सुबह खुद को आगे बढ़ने के लिए धकेलना पड़ रहा है।

रोहित चेन्नई के खिलाफ पहले



मैच में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि गुजरात के खिलाफ वह आठ रन बना सके थे। रोहित ने पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 से संन्यास ले लिया था। उसके बाद आईपीएल 2025 उनका पहला टी20 टूर्नामेंट है। मांजरेकर ने कहा, रोहित शर्मा निश्चित तौर पर एक दौर से गुजर रहे हैं। वह तीन-चार साल पहले के रोहित शर्मा नहीं हैं। वह अपने करियर के एक ऐसे चरण में है जहां उन्हें हर सुबह खुद को आगे बढ़ने के लिए कहना होगा। उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा, क्योंकि चीजें उनके हाथ से फिसल रही हैं। वह अभी भी अपनी प्राकृतिक प्रतिभा और प्रवृत्ति पर भरोसा कर रहे हैं।

एमआई ने जीटी के खिलाफ मैच 36 रन से गंवा दिया। यह मुंबई की लगातार दूसरी हार रही। पिछले दो मैचों में मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हुए मांजरेकर ने कहा, दक्षिण अफ्रीकी होने के नाते रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा।

## हार्दिक पंड्या पर 12 लाख का जुर्माना

# गुजरात के खिलाफ स्लो ओवर रेट के कारण मिली सजा, बैन के कारण पहला मैच नहीं खेले थे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर रेट के लिए बीसीसीआई ने 12 लाख का जुर्माना लगाया है।शनिवार को अहमदाबाद में आईपीएल-2025 का नौवां मैच गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया।

इस मैच में मुंबई की टीम टॉस जीतकर पहले फील्डिंग कर रही थी और निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई। टीम को इसी वजह से आखिरी ओवर में 30 यार्ड सर्कल में एक फील्डर ज्यादा रखना पड़ा।

मुंबई इंडियंस को 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा मुंबई इंडियंस को इस मैच में गुजरात टाइटंस से 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 6



विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

हार्दिक पिछले सीजन में 3 मैचों में स्लो ओवर फेंकने के बाद एक मैच का बैन लगा था। पिछले सीजन में तीन मैचों में स्लो ओवर रेट के लिए ब्ब्ष्टद्ब ने हार्दिक पर जुर्माना लगाया था। आईपीएल -2024 में 30 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई की ओर से तीसरी बार स्लो ओवर रेट के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना के साथ ही टीम के कप्तान पर एक मैच का बैन लगा था।

चूंकि पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सीजन का आखिरी मैच था। ऐसे में इस सीजन के मुंबई के पहले मैच यानी 23 मार्च को हार्दिक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। पिछले सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी मुंबई पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा था।

## व्यापार

# टेमासेक ने हल्दीराम में 10 प्रतिशत स्टेक खरीदने का एग्रीमेंट किया

### 8,555 करोड़ में डील हुई, 5-6 प्रतिशत एक्स्ट्रा हिस्सेदारी भी बेच सकती है कंपनी

नई दिल्ली। सिंगापुर की सॉवरेन इन्वेस्टमेंट फर्म टेमासेक ने हल्दीराम के स्नैक्स डिवीजन में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया है। यह डील 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,555 करोड़ रुपए) में हुई है। हल्दीराम ने 30 मार्च को बताया कि टेमासेक ने कंपनी के मौजूदा शेयर होल्डर्स के 10त्न हिस्सेदारी को खरीदा है।

दोनों पक्ष कई महीनों से इस डील के लिए बातचीत कर रहे थे। अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी ब्लैकस्टोन ने भी हल्दीराम में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ऑफर दिया था, लेकिन ये ऑफर कम वैल्यूएशन पर था। इसलिए हल्दीराम ने यह डील टेमासेक के साथ फाइनल की है।

यह सेल भारत के फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) क्षेत्र में




हाल के सबसे बड़े लेन-देन में से एक है। बैंकर्स का कहना है कि हल्दीराम के प्रमोटर अगले साल के भीतर इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) लाने पर विचार कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हल्दीराम, टेमासेक को एक्स्ट्रा 5-6 प्रतिशत स्टेक बेचने पर विचार कर रही है। दोनों कंपनियों में इस डील को लेकर एडवांस स्टेज पर बातचीत चल रही है। ये खरीदारी 500 मिलियन डॉलर( 4,277 करोड़ रुपए) में की जाएगी।

**तीन फैमिली एनटीटी हल्दीराम ब्रांड ऑपरेट करती है**

भारत में हल्दीराम ब्रांड का संचालन दिल्ली, नागपुर और कोलकाता में स्थित तीन अलग-अलग फैमिली एनटीटी द्वारा किया जाता है। हालांकि, दिल्ली और नागपुर फैमिली ने अपने एफएमसीजी बिजनेस हल्दीराम स्नैक्स और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल को एक सिंगल एनटीटी, हल्दीराम स्नैक्स फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में मर्ज कर दिया है।

पैकेज्ड स्नैक्स के अलावा, हल्दीराम रेस्टोरेंट की एक चेन भी ऑपरेट करता है। कंपनी 500 प्रकार के स्नैक्स, नमकीन, मिठाइयां, रेडी टू ईट और प्री-मिक्स्ड फूड आइटम्स बेचती है। हल्दीराम ने वित्त वर्ष 24 में 12,800 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल किया था।

# अडाणी ग्रीन की सब्सिडियरी का सोलर पावर प्रोजेक्ट शुरू, खावड़ा में 37.5 मेगावाट बिजली बनाएगी

### टोटल कैपेसिटी बढ़कर 13,737.8 मेगावाट हुई

नई दिल्ली। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की सब्सिडियरी कंपनी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी फिफ्टी सेवन लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 37.5 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट शुरू कर दिया है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद कंपनी की टोटल रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी बढ़कर 13,737.8 मेगावाट हो गई है। इसकी जानकारी अडाणी ग्रीन ने 29 मार्च को दी।

एक दिन पहले AGEL ने अपनी सब्सिडियरी कंपनी अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग ट्वेल्व लिमिटेड के जरिए राजस्थान में 400 मेगावाट का एक सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट हासिल किया था। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन



लिमिटेड ने कंपनी को यह प्रोजेक्ट दिया है।

कंपनी इस प्रोजेक्ट से राज्य को 2.57 रुपए प्रति किलोवाट-घंटे की दर से 25 सालों तक बिजली देगी।

अडाणी ग्रीन एनर्जी का दिसंबर तिमाही में नेट प्रॉफिट 85 प्रतिशत बढ़ा

अडाणी ग्रीन एनर्जी का प्रॉफिट वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 85 प्रतिशत बढ़ गया। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 474 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की इसी तिमाही में ये नेट प्रॉफिट 256 करोड़ रुपए था।

अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर शुक्रवार को 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 948 रुपए पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर ने अपने निवेशकों को 22.42 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले छह महीने में शेयर 50 प्रतिशत और बीते एक साल में 49 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 1.5 लाख करोड़ रुपए है।

# यस बैंक पर आयकर विभाग की कार्रवाई, जारी किया 2209 करोड़ टैक्स की मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने यस बैंक को आकलन वर्ष 2019-20 के लिए 2,209 करोड़ रुपये टैक्स की मांग का नोटिस जारी किया है। इसमें 243.02 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। यस बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। बैंक ने आगे फाइलिंग में कहा है कि आयकर विभाग के राष्ट्रीय फेसलेस मूल्यांकन यूनिट की ओर से 28 मार्च को पुनर्मूल्यांकन आदेश पारित किया गया है, जिसमें कोई अतिरिक्त अस्वीकृति नहीं किया गया है, अर्थात जिन आधारों पर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की गई




थी, उन्हें हटा दिया गया है।

बैंक ने कहा कि इस प्रकार, अधिनियम की धारा 144 के तहत पारित मूल मूल्यांकन आदेश में निर्धारित कुल आय पुनर्मूल्यांकन आदेश में अपरिवर्तित रही है, और परिणामस्वरूप, बैंक के खिलाफ कोई मांग नहीं उठाई जानी चाहिए थी। हालांकि, इसके बावजूद अधिनियम की धारा 156 के तहत जारी की गई गणना शीट और मांग के नोटिस ने सम तिथि तक 2209.17 करोड़ रुपये की आयकर मांग (ब्याज सहित) उठाई है, जो बिना किसी आधार के प्रतीत होती है।उक्त निर्धारण वर्ष को आयकर विभाग ने अप्रैल 2023 में पुनः खोला था।

यस बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं और उक्त आदेश के कारण बैंक की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है।

# नए वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** नया वित्तीय वर्ष एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। यह साल भारत की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देगा। ईवाई इकोनॉमी वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि नए वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च बढ़ाने पर जोर दिया गया है। संतुलित राजकोषीय रणनीति को मतदीर्घकालिक विकास संभावनाओं को काफी बढ़ा सकती है।

ईवाई इकोनॉमी वॉच के मार्च संस्करण में कहा गया कि वित्त वर्ष 25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया। जबकि नए वित्तीय वर्ष में 6.5 प्रतिशत से वृद्धि का अनुमान



है।

पिछले महीने एनएसओ ने वित्त वर्ष 23 से वित्त वर्ष 25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया। जबकि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही की वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के लिए निजी अंतिम उपभोग व्यय में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि संशोधित अनुमानों के अनुसार सरकार का राजकोषीय घाटा अनुदान की पूरक मांग से प्रभावित हो सकता है। बढ़ती आबादी और विकसित आर्थिक संरचना के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में अतिरिक्त निवेश दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने और मानव पूंजी परिणामों में सुधार करने के लिए आवश्यक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगले दो दशकों में भारत को अपने सामान्य सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय को धीरे-धीरे बढ़ाने की आवश्यकता होगी। जिससे यह उच्च आय वाले देशों के करीब आ जाएगा।

भारत की युवा आबादी और बढ़ती कार्यबल आवश्यकताओं को देखते हुए सरकार को शिक्षा पर खर्च को वित्त वर्ष 2048 तक जीडीपी के मौजूदा 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। जबकि स्वास्थ्य सेवा पहुंच और परिणाम के लिए सरकारी स्वास्थ्य व्यय को वित्त वर्ष 2048 तक जीडीपी के 3.8 प्रतिशत तक बढ़ाना होगी। इसके लिए अधिक युवा आबादी वाले कम आय वाले राज्यों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा की जरूरतों को पूरा करने के लिए समान हस्तांतरण के माध्यम से अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है।

## मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी, प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

# प्रधानमंत्री ने एकात्मता व अखण्डता के सूत्र में देश को पिरोया - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र तथा भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आह्वान किया। श्री मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया।

मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बात करते हुए देशवासियों को अपने जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत की ओर से ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। मोदी ने कहा कि योग के साथ हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी देश वासियों को सदैव अपने विचारों से प्रेरित करते हैं। उनका प्रेरणादायक उद्बोधन सुनकर मन में एक नए उत्साह का संचार होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे भारतीय संस्कृति और परंपरा के बारे में बताने के साथ ही देश में हो रहे चहुंमुखी विकास व सकारात्मक कार्यों के बारे में भी जानकारी देते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को एकात्मता और अखण्डता के सूत्र में पिरोया है और मन की बात की इस कड़ी में अपने प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला है।

## विधायक और रोडवेज के चीफ मैनेजर में जमकर हुई बहसः अधिकारी बोले- सरकारी रास्ता खाली करवाइए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर में आदर्श नगर विधायक रफीक खान और रोडवेज के मुख्य प्रबंधक (चीफ मैनेजर) राकेश राय के बीच बहस हो गई। विवाद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर था। विवाद के दौरान रोडवेज प्रबंधक ने विधायक से कहा- सरकारी रास्ता है, उसे खाली करवाइए। इस पर विधायक रफीक खान ने कहा- तमीज से बात करो। आवाज नीचे रखकर बात करो।

दरअसल, नारायण सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया जा रहा है। 1 अप्रैल से दिल्ली की ओर जाने वाली बसें ट्रांसपोर्ट नगर से ही चलेंगी। रोडवेज मुख्यालय के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सीबीएस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज के पुराने बस स्टैंड की जमीन की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण का काम शुरू किया गया था। रोडवेज की इस जमीन से आसपास की कॉलोनी वालों ने रास्ता निकाल रखा था। शनिवार को इसे निगम की ओर से बंद करवाया जा रहा था। इसे लेकर कॉलोनी वालों ने विधायक रफीक खान से शिकायत की थी। इस पर विधायक मौके पर पहुंचे तो उनकी रोडवेज के चीफ मैनेजर से बहस हो गई।

### कर्मचारियों ने जताया विरोध

इस घटना को लेकर भारतीय मजदूर संघ से जुड़े राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फेडरेशन और सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण शर्मा ने बताया- रोडवेज की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने दीवार तोड़कर रास्ता निकाल लिया था। शर्मा ने कहा- जब निगम ने दोबारा दीवार खड़ी करवाई तो विधायक ने अधिकारियों पर दबाव बनाया। 1 अप्रैल 2025 से ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से बस सेवा शुरू करने की योजना है, लेकिन इस तरह की दबंगई से निर्माण कार्य में रुकावट पैदा की जा रही है।

## तेजाजी मंदिर में मूर्ति को खंडित करने वाला सिद्धार्थ सिंह गिरफ्तार, मानसिक तनाव में उठाया कदम, गलती मानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त करने की घटना ने स्थानीय लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया। हालांकि, पुलिस की तत्परता और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता के चलते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम के अनुसार, बीकानेर निवासी और राजापार्क में रहने वाले कैफे संचालक सिद्धार्थ सिंह को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 10 से अधिक टीमों की मदद से आरोपी की पहचान की। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने नशे की हालत में मूर्ति को नुकसान पहुंचाया, लेकिन बाद में अपनी गलती का एहसास हुआ।

पूछताछ में सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि वह आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से गुजर रहा था। नशे की हालत में उसने यह कृत्य किया, लेकिन जब होश आया तो उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने मंगेतर को भी इस बारे में बताया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपनी गलती मान ली है और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया और प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाए। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान उपद्रव करने वाले 20 लोगों को भी डिटेन किया है और मामले की निष्पक्ष जांच जारी है।

सकारात्मक दृष्टिकोण और शांति का संदेशइस घटना से सीख लेते हुए समाज को संयम और सौहार्द बनाए रखने की जरूरत है। प्रशासन और जनता के सहयोग से इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है। धर्म और आस्था से जुड़े किसी भी मामले में शांति और संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है ताकि समाज में भाईचारा बरकरार रहे। स्थानीय प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें।

## राजस्थान दिवस पर ऐतिहासिक धरोहर को समर्पित ग्रैंड हेरिटेज चेज-कार रैली का भव्य आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'द ग्रैंड हेरिटेज चेज-कार रैली' का भव्य आयोजन किया गया। अमर जवान ज्योति से इस रोमांचक कार रैली का फ्लैग ऑफ पर्यटन विभाग के सचिव एवं आयुक्त रवि जैन ने किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष राजस्थान दिवस को बड़े स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे लोक कला, संस्कृति और सामाजिक उत्थान को नई दिशा मिलेगी।

राजस्थान पर्यटन विभाग और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अनूठी कार रैली में 30 से अधिक कारों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए विभिन्न सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहेलियों को हल करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित नजर आए।

इस रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हवा महल, आमेर किला, जंतर-मंतर सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े रोचक संकेतों और चुनौतियों को हल किया। इस आयोजन का समापन जयपुर के होटल फेयरमोंट में एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

आईसीसी राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री पेडीवाल ने इस आयोजन को राजस्थान की धरोहर-आधारित आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप से प्रस्तुत करने में सफल रहा है बल्कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा।

## सितार के सुरों से गूंज उठा नेट-थियेट, राग यमन की प्रस्तुति ने मोहा मन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नेट-थियेट की सांस्कृतिक श्रृंखला में आज 'राग और रिदम' कार्यक्रम के तहत उभरते सितार वादक आदिल खान ने जब राग यमन के सुर छेड़े, तो वातावरण शास्त्रीय संगीत की मधुरता से भर उठा।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आदिल खान ने राग यमन के आलाप से की, जिसके बाद जोड़, ताल और झपताल की शानदार प्रस्तुति से उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने तीन ताल द्रुत गति में एक आकर्षक धुन बजाई, जिसने संगीत प्रेमियों को रोमांचित कर दिया।

इस प्रस्तुति में युवा तबला वादक विनय राव ने अपनी सधी हुई संगत से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां दीं। संगीतमय संध्या का संचालन श्वेता पारीक ने किया। कार्यक्रम में कलाकारों को इम्पीरियल प्राइम कैपिटल की ओर से मनीष अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी की अहम भूमिका रही। वहीं, कैमरा संचालन आलोक पारीक और मनोज स्वामी ने किया। दृश्य सज्जा का कार्य अंकित शर्मा नोनू, जिवितेश शर्मा और अर्जुन ने संभाला। संगीत प्रेमियों के लिए यह संध्या एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुई।

## जयपुर से उड़े स्पाइसजेट प्लेन का टायर फटाः चेन्नई एयरपोर्ट पर की इमरजेंसी लैंडिंग

### क्रू-मेंबर सहित सवार थे 200 पैसेंजर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर से चेन्नई गई स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। घटना रविवार सुबह की है। चेन्नई एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार टायर में खराबी की सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मिली थी।

इसके बाद अलर्ट जारी किया गया है प्लेन को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में क्रू-मेंबर सहित 200 लोग सवार थे। दरअसल, फ्लाइट एसजी-9046 ने शनिवार देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी।

ढाई घंटे बाद फ्लाइट के पायलट को पता चला की फ्लाइट की टायर में खराबी है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से संपर्क कर चेन्नई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सुरक्षित हैं। खराबी को लेकर जांच की जा रही है।

### टायर का बड़ा हिस्सा कटा

सूत्रों के अनुसार पायलट को लैंडिंग से पहले ही पता चल गया था कि फ्लाइट का टायर नंबर दो क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट को बताया- टायर के कई हिस्से हो चुके हैं। ऐसे में फिलहाल फ्लाइट की नॉर्मल लैंडिंग संभव नहीं है। इसके बाद फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन दी।

### जांच के आदेश दिए गए

सूत्रों के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम के बाद एयरलाइंस कंपनी ने फ्लाइट के टायर में आखिरी वक्त पर आई प्रॉब्लम की जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट टीम का गठन भी किया गया है। यह टीम इस बात का पता करेगी कि आखिर किस स्तर पर गलती हुई है। क्या प्लेन के रखरखाव में किसी कमी के चलते तो यह हादसा नहीं हुआ है। किसी और तरह की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्र स्थापना पर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मुख्यमंत्री निवास में विधिवत पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की तथा राज राजेश्वरी मंदिर में सपरिवार मां दुर्गा की आराधना की। शर्मा ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## कारागार विभाग की दो कार्रवाईः जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक में शामिल तीन जेलकर्मी बर्खास्त

### श्यालवास जेल में अनुचित तरीके से मोबाइल सिम ले जाते मेल नर्स गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में लिप्त 3 जेल प्रहरियों को विभाग द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री को मिलने वाली धमकी के बाद बरती जा रही अतिरिक्त सतर्कता के दौरान दौसा जिले के श्यालावास स्थित सेंट्रल जेल में कार्यरत मेल नर्स राजकुमार शर्मा को जेल में सिम कार्ड ले जाते पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा भर्ती परीक्षा में चयनित हुए तीन आरोपियों योगेश कुमार, हरेंद्र सिंह और दीपक मेहता सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। डीआईजी जेल मोनिका अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को स्पेशल सेंट्रल जेल श्यालावास दौसा की क्वार्टर गार्ड पर तैनात आरएसी के कांस्टेबल आनंद भाटी द्वारा रोजाना की तलाशी ली जा ही थी इसी दौरान मेल नर्स राजकुमार शर्मा की तलाशी ली गई। तलाशी मे एक सिम जप्त की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीआईजी अग्रवाल ने बताया कि जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में दर्ज प्रकरण में श्यालवास जेल दौसा में तैनात जेलकर्मी योगेश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, दौसा जेल में तैनात हरेन्द्र सिंह पुत्र सिरदार सिंह एवं झुंझुनू में जेल प्रहरी दीपक मेहता पुत्र विक्रम क भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में लिप्त होने के आधार पर बर्खास्त कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट में अनुचित तरीके से षडयंत्रपूर्वक आपराधिक कृत्य कर परीक्षा पूर्व परीक्षा के पेपर का सॉल्वड प्रश्न-पत्र एवं उत्तरकुंजी प्राप्त कर हॉटल हाईवे च्वाईस, कोटपूतली में पढकर जेल प्रहरी परीक्षा-2018 को उत्तीर्ण कर जेल प्रहरी पद पर चयनित होना इन तीनो के विरूद्ध प्रमाणित पाया गया है।

## गणगौर में संस्कृति हुई साकार, महिलाओं ने रंग जमाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान संस्कृति पारंपरिक तीज त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी गणगौर उत्सव का महाआयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ किया गया।शिल्पी फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार यूबाय के सहयोग से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उददेश्य से गणगौर फेस्टिवल का आयोजन शनिवार को होटल कुड़की हाउस में किया गया। फाउंडेशन की संस्थापक, शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव में लगभग 400 से 500 महिलाएं राजस्थानी परिधानों में सोलह सिंगार कर भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला, कौशल और उद्यमशीलता का प्रदर्शन कर सकें। यह आयोजन उन महिलाओं को समर्पित है, जो अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाए रखते हुए समाज के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।इसके अतिरिक्त, यह आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय त्योहारों और संस्कृति से जोड़ने का एक प्रयास है, ताकि हमारी परंपराएं जीवित रह सकें और आने वाली पीढ़ियां भी उनसे जुड़ी रहें।

### मौसम का हालः ठंडी हवा चलने से राजधानी में रात का पारा 3.6 डिग्री लुढ़का

**जयपुर।** दो दिन से चल रही ठंडी हवा के चलते राजधानी में दिन और रात के पारे में गिरावट जारी है। बीती रात न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री लुढ़ककर 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया और 18.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे हल्की सर्दी बढ़ गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री लुढ़ककर 31.8 डिग्री दर्ज हुआ। इससे दिन में तेज धूप का असर भी कम रहामौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन उत्तरी हवाओं का असर रहेगा और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने का अनुमान है।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ 'मन की बात'

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में इस बार सिविल लाइंस क्षेत्र में एक अनूठा कार्यक्रम हुआ। 30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा और राजस्थान दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा स्थानीय खिलाड़ियों के साथ मन की बात सुनी।

भाजपा नेता एवम अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव आलोक पारीक ने बताया कि 30 मार्च को इस कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार जीत चुके खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स स्कूल में अध्ययन कर रहे फाल्गुन पारीक को भी सम्मानित किया गया। फाल्गुन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेल हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। पारीक ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, जिससे जनता का विधायक से सीधा जुड़ाव हो रहा है और उन्हें सरकार के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिलया रहे। क्षेत्र के भाजपा नेता भी जनता की समस्याओं का तत्काल निपटारा करने में सफल हो रहे हैं।

## असत्यं पापम, असत्यं मृत्यु, अस्तयं नरकं



**एसके मंगल**

श्रीमद् भागवत गीता में झूठ बोलने का उल्लेख है। गीता में सत्य और असत्य के बीच के अंतर को समझाया है। झूठ बोलने के परिणामों के बारे में बताया है। गीताजी के अध्याय 16 में भगवान कृष्ण कहते हैं सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यं अप्रियम्। अर्थ सत्य बोलो, प्रिय बोलो, लेकिन सत्य होने पर भी अप्रिय बात न बोलो। श्लोक में भगवान कृष्ण सत्य और प्रिय के बीच के अंतर को समझाते हैं। वह कहते हैं कि सत्य बोलना महत्वपूर्ण है। जिसका नाश नहीं होता, जो नित्य और शाश्वत है, वही सत्य है। भगवान कृष्ण सत्य की परिभाषा बताते हैं। वह कहते हैं कि सत्य वह है जिसका नाश नहीं होता, जो नित्य और शाश्वत है। गीताजी में झूठ बोलने के परिणामों के बारे में भी बताया है। अध्याय 16 में भगवान कृष्ण कहते हैं असत्यं पापम् असत्यं मृत्यु असत्यं नरकः। अर्थः असत्य पाप है, असत्य मृत्यु है, असत्य नरक है। भगवान कृष्ण असत्य के परिणामों के बारे में बताते हैं। वे कहते हैं कि असत्य पाप है, असत्य मृत्यु है असत्य नरक है। रामचरितमानस में झूठ बोलने का उल्लेख है। मानस में भगवान राम की कहानी को विस्तार से बताया है और इसमें झूठ बोलने के परिणामों के बारे में बताया है। मानस के बालकांड में भगवान राम के पिता दशरथ की कहानी को बताया है। इसमें दशरथ की पत्नी कैकेयी की कहानी शामिल है, जो पति से झूठ बोलती है और भगवान राम को वनवास में जाने के लिए मजबूर करती है। तुलसीदास जी झूठ बोलने के परिणामों के बारे में बताते हैं। वह कहते हैं कि झूठ बोलने से पाप होता है, और सत्य बोलने से पुण्य होता है। मानस में झूठ बोलने के परिणामों के बारे में और भी कई श्लोक हैं, जो इसके महत्व को समझाने में मदद करते हैं। जब कोई हमसे झूठ बोलता है, तो यह हमारे लिए बहुत दर्दनाक हो सकता है, खासकर जब यह कोई करीबी व्यक्ति होता है। झूठ बोलने से विश्वास टूटता है और रिश्तों में दरार आ सकती है।

# मोती महल (रावला) स्थित आशापुरा माता व महासती जी की पूजा अर्चना महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने कर, बूंदी जिले की खुशहाली व समृद्धि की कामना की



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** चैत्र नवरात्री के प्रथम दिन मोती महल (रावला) स्थित आशापुरा माता व महासती जी की विधिवत पूजा अर्चना महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने कर के बूंदी जिले की खुशहाली व् समृद्धि की कामना। महाराव राजा ने मोती महल स्थित आशापुरा माता के मन्दिर पर प्रकाश डालते हुवे बताया की मोती महल मे आशापुरा माता जी मंदिर का निर्माण 1626 ईसवी में राव रतन सिंह जी ने करवाया था तथा मूर्ति की स्थापना 1627 ईस्वी में हुई थी।उसके पश्चात बूंदी की पहली स्कूल रावला में 1870 ईसवी में स्थापित की गई थी जिनके प्रथम प्रधानाध्यापक पण्डित गंगा सहाय जी थे जो बूंदी राज के दीवान थे आशापुरा माता को विभिन्न नाम से पुकारा जाता है जिसमे आशापूर्णा, शाकंभरी, आर्दशक्ति, रक्तदंतिका, जोगणिया, कालिका, विंध्यवासिनी, दुर्गा सहित अनेक नाम है। . मां दुर्गा का हर रूप एक अलग मतलब रखता है और इन नौ के नौ रूप का अर्थ है शक्ति और मजबूती. इसी पारंपरिक विधान में बूंदी के राज परिवार परंपरा का निर्वहन करते हुए बूंदी महाराव राजा ने रविवार को मोती महल स्थित आशापुरा माताजी व महासती जी की विधिवत पूजा अर्चना विधि विधान से पूजन किया तथा जिले में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की इस अवसर पर पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ माता की पूजा-अर्चना व आरती करवाई गई।

# स्मारिका विमोचनः अपना मित्र परिषद जिला शाखा- कोटा -बारां -बूंदी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** श्री राधा कृष्ण मंदिर डीसीएम कोटा में अपना मित्र परिषद खटीक समाज शाखा कोटा द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन संभागीय अध्यक्ष हाडोती खटीक समाज कोटा तथा मंदिर कमेटी अध्यक्ष श्री छीतर लाल जी बघेरवाल एवं समाज के गणमान्य समाज बंधुओ द्वारा किया गया। स्मारिका में अपना मित्र परिषद द्वारा किए जाने वाले क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी गई है। अपना मित्र परिषद द्वारा ऑनलाइन परीक्षा तथा सम्मान समारोह की जानकारी दी गई है। अपना मित्र परिषद द्वारा जिला स्तरीय पुस्तकालय की विस्तृत जानकारी शामिल की गई है। वर्ष 2019 एवं वर्ष 2022 के



निःशुल्क सामान्य ज्ञान परीक्षा तथा सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी के साथ दोनों सम्मान समारोह के आय-व्यय का ब्यूरो दिया गया है।

इस अवसर पर बालिका छात्रावास के लिए संभागीय अध्यक्ष श्री रघुनंदन भलवाला ने 551000/- की घोषणा की है जबकि मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री छीतर लाल बघेरवाल द्वारा मंदिर कमेटी की ओर से 21000/- की घोषणा की गई है। इस अवसर पर श्री छीतर लाल बघेरवाल द्वारा मंदिर कमेटी की ओर से समाज के बच्चे जिनका प्रतियोगी परीक्षाओं का सेंटर डीसीएम कोटा में रहेगा उनके ठहरने तथा भोजन की निशुल्क व्यवस्था की घोषणा की गई है। इस्माइल का विमोचन कार्यक्रम में हाडोती संभाग कमेटी के अध्यक्ष श्री अभिनंदन बनवाला श्री रघुनंदन भलवाला, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री छीतर लाल बघेरवाल, श्री रामदेव बसवाल, श्री सुरेश बागड़ी, श्री मंगल चौंहला, श्री मोतीलाल परिडवाल, श्री रमेश टेपण, रिटायर्ड लेखा अधिकारी श्री निश्चय निर्भिक, अपना मित्र परिषद के राजेंद्र चौंहला, राकेश वर्मा, केदार बसवाल, राकेश परिडवाल, जयप्रकाश आर्य, नरेश नावरिया, तरुण खरेड़िया, हेमन्त टेपण अपना मित्र परिषद 12 के जिला अध्यक्ष श्री बृजमोहन आर्य आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न हुए



## जिलाध्यक्ष के पद पर बलवीर सिंह गुर्जर एवं जिला मंत्री पद पर राजकुमार मीणा निर्वाचित घोषित

**बूंदी।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने बताया कि राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के चुनाव में चुनाव अधिकारी लीलाराम यादव एवं संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे। निर्वाचन में जिलाध्यक्ष के पद पर बलवीर सिंह गुर्जर एवं जिला मंत्री पद पर राजकुमार मीणा निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर काफी संख्या में राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक गोष्ठी आयोजित हुई।

गोष्ठी में निवर्तमान जिलाध्यक्ष मोतीराम जाटव,पूर्व जिलाध्यक्ष भवतेंद्र सिंह, निवर्तमान महामंत्री केवल सैनी,शंकर लाल अग्रवाल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्मचारियों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करना होगा अन्यथा उच्च अधिकारी अपने निजी स्वार्थों के लिए आपकी बलि चढ़ा देंगे साथ ही अपने कर्तव्य का भी ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। कर्मचारी सयुंक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे संघर्ष के कार्यक्रमों में पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ की ज्यादा से ज़्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। निर्वाचन अधिकारी लीलाराम यादव ने चुने हुए पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# एलन कोटा में जेईई व नीट के बैच 2 अप्रैल से

## 2 अप्रैल तक एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का महा अवसर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा.** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 2 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। बैच की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आने लगे हैं। इसी उत्साह को देखते हुए स्टूडेंट्स की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में 2 अप्रैल तक एडमिशन का महा अवसर शुरू किया गया है। इसके तहत स्टूडेंट्स एलन कोटा में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एलन स्कॉलरशिप-एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) में शामिल होकर प्राप्त किया जा सकता है। महा अवसर पर के तहत एलन कोटा सेंटर पर 2 अप्रैल तक रोजाना 1 से 3 बजे तक ए-



सेट आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं।

इसके साथ ही नेशनल लेवल पर भी ए-सेट की तिथियां जारी कर दी गई है। 30 मार्च और 6 और 13 अप्रैल को देशभर में एलन के केन्द्रों पर नेशनल एसेट का आयोजन किया जा रहा है, एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में हुई जेईई, नीट और ओलम्पियाड परीक्षाओं में एलन के बेहतर परिणाम रहे हैं। आईआईटी और एम्स में प्रवेश लेने वाला तथा इंटरनेशनल ओलम्पियाड में हर चौथा विद्यार्थी एलन से है। इसके साथ ही देश के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीट्स पर 10 हजार से अधिक एलन स्टूडेंट्स को प्रवेश मिला है।

ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, एकेडमिक व साइकोलॉजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आईक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है।

### एलन कोटा बैच की डेट्स

एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व एडवांस्ड के नर्चर बैच 4 अप्रैल से, कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंथुजियास्ट बैच 3 अप्रैल, वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए 16 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। जेईई मेन के लिए नर्चर बैच 2 व 16 अप्रैल, एंथुजियास्ट बैच 2 अप्रैल व लीडर बैच 16 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। इसी तरह प्री-मेडिकल नीट-यूजी की तैयारी करने वाले कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए नर्चर बैच 2 व 16 अप्रैल, कक्षा 11 से 12 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंथुजियास्ट बैच 3 व 23 अप्रैल, 12वीं पास स्टूडेंट्स के लिए लीडर बैच 8 अप्रैल तथा अचीवर बैच 10 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं।

अधिक जानकारी एलन वेबसाइट www.allen.in से ली जा सकती है।

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष में रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का हुआ आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृखंला में रविवार सुबह खेल संकुल से रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ का आयोजन हुआ। दौड़ को खेल संकुल से जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ खेल संकुल से आरंभ होकर खोजागेट, आजाद पार्क के सामने से अहिंसा सर्किल, सर्किट हाऊस होते हुए खेल संकुल पर आकर सम्पन्न हुई।इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह एवं सुरेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहें।

# एक करोड़ सेल्फी अभियान के तहत बूंदी की भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एडवोकेट रंजना जोशी सम्मानित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा आयोजित उत्कृष्ट महिला सम्मान समारोह में एक करोड़ सेल्फी अभियान के तहत राजस्थान से बूंदी की भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एडवोकेट रंजना जोशी को सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री माननीय बी एल संतोष, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती वानति श्रीनिवासन, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयन्त पंडा उपस्थित रहे। भाजपा मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि रंजना जोशी ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस के आयोजन के निणर्य को साधु संतो ने सराहा

## सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में बताया भजनलाल सरकार का महत्वपूर्ण क़दम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** प्रदेश में राजस्थान दिवस मनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का साधु-संतों ने स्वागत किया है। सरकार ने हिन्दू तिथि के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जिससे साधु-संतों में हर्ष है। प्रदेश की सनातन परंपरा से जुड़े हुए साधु-संतों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा लिए गए इस निर्णय की प्रशंसा की है।

राज्य सरकार के फैसले पर खुशी जताते हुए साधु-संतों ने कहा कि यह निर्णय राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राजस्थान के लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ जोड़े रखने में मदद करेगा। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में एक बहुत महत्वपूर्ण क़दम है। निर्णय का स्वागत करते हुए, साधु-संतों ने कहा कि यह निर्णय राजस्थान के लोगों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगा।

# विजयवर्गीय महिला मंडल धूमधाम से मनाया गणगौर उत्सव



**झालावाड़।** विजयवर्गीय महिला मंडल झालावाड़ द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मण्डल अध्यक्षा स्वाति विजय ने गणगौर और इसर जी की महिमा बतायी और सभी सदस्याओं ने सामूहिक नृत्य किया। इस अवसर पर कई गेम्स खेले गये सोलह - सिंगार करके गणगौर बनकर आयी महिलाओं को पुरस्कार दिया गया। उपाध्यक्ष कविता विजय ने बताया कि इस तरह आयोजन में बच्चों को भी भारतीय संस्कृति से जोड़ा जाये ये समाज मैं होते रहने चाहिये।अंत मैं चंद्रकला विजय द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर नेहा, निकिता, गायत्री, हेमलता, सरोज, अलका, मंजुला सहित कहीं महिलाएं सदस्य उपस्थित रही।

# हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर उमड़ा विशाल जन सैलाब, शहर भगवा मय हुआ,जुलूस का स्थान स्थान पर हुआ भव्य स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** शहर में हिंदू नव वर्ष चैत्र विक्रम संवत 2082 के स्वागत में हिंदुओं के विभिन्न संगठनों ने भव्य जन समुदाय के साथ शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए जुलूस निकाल कर शहर को भगवा मय बना दिया विश्व हिंदू परिषद, भारत विकास संगठन, भारतीय जनता पार्टी, सहित सर्वधर्म प्रेमीयों ने चैत्र संवत 2082 की पूर्व संध्या पर शहर के बालचंद पाड़ा से जुलूस शुरू होकर नाहर का चौहट्टा, सदर बाजार चौमुखा बाजार, चौगान गेट, इंदिरा मार्केट, कोटा रोड सब्जी मंडी रोड, व नगर परिषद होती हुई आजाद पार्क पहुंची शहर के प्रमुख मार्गो में सभी धर्म प्रेमियों ने जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया डीजे की धुन पर मातृ शक्तियों ने नृत्य करते हुए विशेष परिधान के साथ साफ़ा बांधकर चल रही थी पुरुष सफेद कुर्ता पजामा सहित केसरिया साफ़ा बांधकर जय श्री राम घोष करते हुए चल रहे थे जुलूस के मार्ग में स्वागत द्वार बनाकर विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठन में अलग-अलग स्थान पर ग्रुप के रूप में स्वागत करते हुए सनातन धर्म के जयकारे के साथ पुष्प वर्षा कर मातृ शक्तियों एवं भगवा वाहिनीयो के स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक प्रशांत मोदी, जिला सहसंयोजक मनीष शर्मा, उदय सिंह, संजीव उपाध्याय, अरुण चतुर्वेदी, विजय नारायण सेन, ओम बराला भोले शंकर प्रजापत, गुलशन, भंवर सिंह, कमलेश्वर शर्मा, कौशल शर्मा, राजेंद्र जैन रानीपुरा, प्रवीण सिंह, चंद्र प्रकाश जैन, महिला सुरक्षा एवं सम्मान संघर्ष समिति से जुडी रिद्धि व्यास, शकुंतला जैन, अमीषा जैन, रेनू धाबाई, उषा चतुर्वेदी, मोना जैन, अंशु मोदी, अर्चना शर्मा, सीमा सोलंकी, वंदना सोलंकी, रीना चित्तौड़ा, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, अनिल नंदवाना, महावीर कुशवाह, दिनेश बिलोची, प्रतीक अग्रवाल, भानु जैन, चेतन सोनी आदि की उपस्थिति रहे।हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर उमड़ा विशाल जन सैलाब जुलूस का स्थान स्थान पर हुआ भव्य स्वागत।

# राजस्थान दिवस पर जिले में 'रन फॉर फिट राजस्थान' दौड़ का आयोजन

**बारां।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में हुए इन आयोजनों में सबसे प्रमुख रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ रही, जिसका शुभारंभ प्रातः 7 बजे डीएसओ अनिल चौधरी व एसडीएम शाहाबाद जबर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह दौड़ खेल संकुल, कोटा रोड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख स्थलों चारमूर्ति, प्रताप चौक, धर्मादा चौराहा, अस्पताल रोड और रेल्वे ओवर ब्रिज से होते हुए पुनः खेल संकुल पर समाप्त हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त, राजस्थान दिवस के अवसर पर देव स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा जिले के सभी प्रमुख स्मारकों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। इसी क्रम में, पर्यटन स्थलों और राजकीय स्मारकों पर निशुल्क भ्रमण की सुविधा भी प्रदान की गई, जिससे आमजन को प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से जानने का अवसर मिला। राजस्थान दिवस समारोह के इन आयोजनों में जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साह व उमंग के साथ इस गौरवशाली दिवस को मनाया।

# ग्रेटर एन्स की महिलाओं ने गणगौर उत्सव मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** ग्रेटर एन्स की महिलाओं ने गणगौर उत्सव का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्ष सोनिया चौरसिया ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा-अर्चना की और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्लब की सचिव मनीषा बतला और कोषाध्यक्ष कविता गुप्ता ने बताया कि इस उत्सव में स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी संस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया। इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें गाने, नृत्य और नाटक शामिल थे। क्लब की दोनों संरक्षक नीलम टोंगिया और मंजू आनंद गर्ग ने बताया कि प्र्विता अजमेरा, पिंकी गोयंका, रुचि ठाकुरिया, मैंना मारू, सोमा जैन, मनीषा जैन, मनीष बतला, ज्योति गर्ग, श्रुति सिंघल, पूजा साबू, कृष्णा खंडेलवाल, नूपुर जैन समेत सभी महिलाओं ने इस अवसर पर अपनी संस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने और उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प

# चेटीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाय गया, सिंधी समाज द्वारा प्रातः 10:00 बजे महाआरती की ओर निकाली विशाल वाहन रैली

**बूंदी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष में चेटीचंड महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है कार्यक्रमों की श्रृंखला में महेश चांदवानी ने बताया मुख्य दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों मे विश्व भर में सिंधी समाज द्वारा प्रातः 10ः00 बजे एक साथ महाआरती की गई। बूंदी जिले में यह आयोजन न्यू कॉलोनी शिव मंदिर में किया गया तत्पश्चात विशाल वाहन रैली निकाली गई। महिला मंडल की सदस्यों ने सफेद कुर्ता व लाल दुपट्टा गणवेश धारण किया हुआ था। जिसका समापन बालचंद पाड़ा झूलेलाल मंदिर पर हुआ। शहर के प्रमुख मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गय।झूलेलाल चौक स्थित झूलेलाल प्याऊ पर स्वागत किया गया। झूलेलाल चौक पर प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12:00 बजे से आम भंडारा सिंधी कॉलोनी झूलेलाल मंदिर पर रखा गया जहां गरीब अमीर सभी ने श्रद्धा भाव से एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। अतिथियों बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, किशन दास जी महाराज, नमिता माधवानी द्वारा भगवान झूलेलाल जी की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर भव्य विमान में सुसज्जित किया



गया। शोभा यात्रासिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता एवं भगवान झूलेलाल जी की झांकी शामिल की गई। दिव्यजोत को शोभा यात्रा के साथ शहर के प्रमुख मार्गो गुरु नानक कॉलोनी बायपास रोड झूलेलाल चौक जोगन दरवाजा सदर बाजार से होते हुए बालचंद पाड़ा पहुंची। जहां आतिशबाजी की गई। दिव्यजोत को सम्मान सहित बोहरा कुंड में विसर्जित किया गया। ज्योत विसर्जन की समस्त सामग्री पर्यावरण अनुकूल आटे की बनी हुई होती है। जिसे जल के जीव भक्षण कर लेते हैं?। अंत में सभी के सुखों की कामना करते हुए प्रार्थना सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग्भवेत्%. इसका मतलब हे ईश्वर, सब सुखी रहें सब निरोगी रहें सभी का जीवन मंगलमय बनें कोई भी दुःख का भागी न बने सभी लोग सभी चीज़ों में अच्छाई और शुभता देखें कोई भी दुखी या परेशान न हो की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मंगूमल टेकवानी, मुकेश माधवानी, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, जीतू राजानी, अमर कालरा, हरीश कालरा, अशोक तन्नादेवानंद टेकवानी, हरीश तलवानी शीतल पमनानी चंद्र मोहन फ्मनानी, नंदलाल प्रजवानी, अशोक जयसिंघानी, मुकेश जयसिंघानी संदीप पमनानी, देवानंद टेकवानी राम होतवानी, हासानंद जी, संजय लेखवानी, नारायण राजानी विशन दास गलानी मौजूद थे।

# कुरेड़ी में ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट से खेत में लगी आग, 4 बीघा फसल राख

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बालेर, खंडार।** बालेर कस्बे के पास कुरेड़ी गांव में रविवार दोपहर को गेहूं के खेत में रखे बिजली ट्रांसफार्मर की बुसिंग में अचानक ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से बिजली का तार टूटकर नीचे गिरा। तार गिरते ही खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते खेत धू-धू कर जलने लगा। पीड़ित किसान जयनारायण बैरवा पुत्र लक्ष्मण बैरवा ने बताया, आग से उसकी 4 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। महीनों की मेहनत पलभर में खत्म हो गई। खेत के पास काम कर रहे अन्य किसानों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दी गई, नहीं तो आसपास के खेतों में रखी कटी फसल भी चपेट में आ जाती। ग्रामीणों ने बताया, खेत में रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी थी। इसी कारण बुसिंग में ब्लास्ट हुआ। चिंगारियां नीचे गिरीं और फसल में आग लग गई। पीड़ित किसान ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

# उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का किया स्वागत

**बारां।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल के अल्प प्रवास के दौरान रविवार को प्रातः 8 बजे जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा सर्किट हाउस में स्वागत किया गया। इसके पश्चात अल्पकालीन विश्राम के बाद राज्यपाल महोदय चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हो गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले की भौगोलिक एवं प्रशासनिक जानकारी राज्यपाल को दी। इसके साथ ही उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका सुजस की एक प्रति भेंट कर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजकुमार, सहायक निदेशक जनसंपर्क योगेंद्र शर्मा एवं बारां के एसडीएम बनवारी मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत 'राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0' निवेश उत्सव आज

**बारां।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत राज्य स्तरीय निवेश उत्सव 'राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0' का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक रविन्द्र वर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर यह कार्यक्रम 31 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मिनी सचिवालय सभागार कलेक्ट्रेट परिसर बारां में आयोजित होगा। इसमें जिले के निवेशकों को भू-आवंटन पत्र एवं डिमांड नोट वितरित किए जाएंगे।



» धौलपुर - बाड़ी रोड स्थित झोर वाली माता का मंदिर



» धौलपुर - कचहरी परिसर में स्थित संतोषी माता का मंदिर



» धौलपुर - धूलकोट रोड स्थित महामाया का मंदिर

# चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, जिलेभर में गूंजे माता रानी के जयकारे

## प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना हुई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ शहरभर के विभिन्न मंदिरों में सुबह मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने व्रत रखकर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में महामाया मंदिर, काली मंदिर, संतोषी माता मंदिर, बजरिया देवी मंदिर, झोर वाली माता, कैलादेवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की देर रात भीड़ देखी गई। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से मां का दरबार सजाया गया है। नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा की। भक्तों ने देवी को हलवा-चने का भोग लगाया। वहीं कई भक्तों माता रानी के मंदिरों पर नैजे चढ़ाकर मन्नत मांगी। मंदिरों में हवन, कीर्तन और भजन संध्याओं का आयोजन किया गया।

वही हिन्दी मास के चलते नवसंवत प्रारंभ हुआ है जिसके चलते मचकुण्ड में भक्तों द्वारा दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा अन्य कई भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।



» धौलपुर - महामाया मंदिर पर नेजा चढ़ाने ले जाते भक्तगण

# तीन नाबालिग बच्चों को बालश्रम से कराया मुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में होटल, ढाबों व कारखानों में नाबालिग बच्चों से कठोर बालश्रम कराने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना मनियां ने दो अलग-अलग ढाबों से दो नाबालिग बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया है। पुलिस थाना मनियां थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि मय जाप्ता के बाबा देवपुरी होटल से एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्चे को बालश्रम से मुक्त कराया। वहीं दूसरी कार्यवाही में हरियाणा ढाबे से 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे को बालश्रम से मुक्त कराया। दोनों ढाबा मालिक मौके पर मौजूद नहीं मिले। जिनकी पुलिस द्वारा तलाश जारी है। होटल व ढाबा मालिक के विरुद्ध थाना मनियां में बाल श्रमिक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार पुलिस थाना सैंपऊ ने बालश्रम के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक ईंट भट्टे से एक बालक को मुक्त कराया है। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुमार जानकारी देते हुए बताया कि बालश्रम विरुद्ध धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही के लिए एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के आरएफ ईंट भट्टे से शहजानपुर उत्तर प्रदेश के एक बालक को मुक्त कराया गया है। साथ ही भट्टा मालिक ओमवीर सिंह निवासी सैंया रोड खेरागढ़ के विरुद्ध मुकदमा कर लिया है।

# शहर में जलभराव से मुक्ति दिलाने को लेकर नगर परिषद सख्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। कॉलौनियों में जलभराव को लेकर नगर परिषद् आयुक्त अशोक शर्मा कृत संकल्पित नजर आ रहे हैं। लगता है कि शहर के वाशिंदों को गंदे व बरसात के पानी से निजात दिलाने, मास्टर प्लान के तहत मार्गों को चौड़ा कर सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने सहित शहर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद् प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को भारी विरोध के बाद राजाखेड़ा बाईपास से नगर परिषद् प्रशासन ने सरकारी भूमि पर किए अवैध कब्जों को हटाया। इस दौरान कई कब्जाधारियों ने नगर परिषद् कर्मियों की कार्रवाई का विरोध जताया, मगर समझा-बुझाकर शांत कर दिया। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि पर किए कब्जों को हटाने के लिए पहले ही लाल रंग से चिन्ह लगा दिए थे और नोटिस भी जारी किये गये थे। इसके बावजूद जिन कब्जाधारियों ने कब्जे नहीं हटाए, प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से कब्जों को हटाया।

गौरतलब है कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में नगर परिषद अवैध कब्जों को हटा रही हैं। उधर राज्य सरकार के संबंधित विभाग से भी हरी झंडी मिल गई है। कार्रवाई से शहर में बड़े स्तर पर व्याप्त गंदे व बरसात के पानी की निकासी की समस्या से मुक्ति मिलना संभव हो गया है।

शहर में भ्रांति फैली हुई है कि रसूखदारों को छोड़ गरीबों की रोजी-रोटी पर पीला पंजा चलाया जा रहा है, फिलहाल नगर परिषद् प्रशासन शहर के किसी भी रसूखदार को बख्शने के मूंड में नहीं है। जलबहाव मार्ग में किए कब्जों को ध्वस्त कर पानी की निकासी बहाल की जाएगी। नाले पर किए अवैध कब्जों को हटाने के लिए परिषद् प्रशासन ने शहर में चिन्ह लगा दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पालना की जाएगी। फैसले के अनुसार ही जलबहाव मार्ग को अवरुद्ध करने वालों को किसी भी स्तर पर नहीं बख्शा जाएगा। वे चाहे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों। हरदेव नगर स्थित नाले पर अतिरिक्त स्थान पर बनी दुकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। माना जा रहा है कि गंदे और बरसात के पानी की निकासी की समस्या मानवजनित है। बाड़ी और सैंपऊ रोड स्थित आवासीय कॉलोनियों में गंदा व बरसात का पानी अभी भी पसरा है। परिषद् के अधिशासी अभियंता गुमानसिंह किसी हद तक सीवर लाइन को साफ कराने में सफल हुए हैं। माना जा रहा है कि प्री-मानसून 20 जून तक आएगा। परिषद् इससे पहले ही पानी की समस्या का समाधान कर देगी।



फाइल फोटो

# हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत अवसर पर कार्यकर्ताओं ने टीका लगाकर किया अभिनंदन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** आज से शुरू हुए हिंदू नववर्ष यानि विक्रमी संवत 2082 के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने तोप तिराहे पर सभी नागरिकों को कुमकुम का टीका लगाकर और मिष्ठान खिलाकर मंगलकामनाएं प्रेषित की। विक्रमी संवत भारतीय संस्कृति में बहुत ही महत्वपूर्ण है हिन्दू धर्म के त्योहारों एवं शुभ कार्यों की तिथियों का निर्धारण इसी आधार पर होता हैं। विक्रमी संवत अंग्रेजी कलेंडर से 57 वर्ष आगे है। विक्रमी संवत में माह की शुरुआत चैत्र मास से होती है। विक्रमी संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत कहलाता है जो शुद्ध और वैज्ञानिक है। यह हमारी अस्मिता और स्वाधीनता के अनुरक्षण तथा शत्रुओं पर विजय का प्रतीक है। इसी संवत के अनुसार हमारे सभी धार्मिक अनुष्ठान तीज त्यौहार जैसे- नवरात्र, रामनवमी, हनुमान जन्मोत्सव, विजया दशमी, दीपावली, होली इत्यादि मनाए जाते है। विक्रमी संवत तर्क संगत और वैज्ञानिक है। दिन सप्ताह और महीने का हिसाब सूर्य की गति पर निर्भर है और नक्षत्र, तिथि, पक्ष, अयन चंद्रमा की गति पर निर्भर है। बारह राशियां ही बारह सौर मास है। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है प्राय उसी नक्षत्र के आधार पर महीनों का नामकरण हुआ है। विक्रमी संवत की शुरुआत 57 ईसा पूर्व में हुई थी ऐसा माना जाता है कि राजा विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के बाद इसकी शुरुआत की थी। मान्यता है कि ब्रह्माजी ने इसी दिन सृष्टि की रचना की थी और भगवान श्री रामचंद्र का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन हुआ था। इसी दिन गुड़ी पड़वा का त्यौहार भी मनाया जाता है गुडी का अर्थ होता है भगवान ब्रह्म का ध्वज और पड़वा का अर्थ एक नया चंद्रमा चरण है। इस त्यौहार को मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह राना, अशोक कुमार मित्तल, देवेंद्र सिंह कश्यप, शुभम शर्मा, आशीष सिंघल, राकेश पालीवाल, भगवती प्रसाद शर्मा, शिशुपाल यादव, नीतू यादव, गीता चाहर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रौनक, रामकेश कुशवाह एवं सैकड़ों की संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



» धौलपुर - टीका लगाकर कार्यकर्ता का अभिनंदन करते हुए

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी, दोनों युवकों की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** महाराजपुरा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक पर सवार दोनों युवक की मौत हो गई। जिनके परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने दोनों शव मॉर्च्युरी में रखवा दिए हैं।

परिजनों से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार एएसआई गिरवर सिंह ने बताया कि बाइक सवार चचेरे भाई ओमकार (32) पुत्र उदयभान और मोहन प्रकाश (29) पुत्र दौलत राम निवासी बरेलपुरा थाना मनियां अपने गांव से धौलपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान महाराजपुर के पास उनकी बाइक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से दोनों युवकों को जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया।

एएसआई ने बताया कि दोनों युवक की मौत होने के बाद उनके शव जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। वहीं, हादसे के बाद पुलिस मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हुए आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

# राजस्थान तीरन्दाज़ी संघ की कार्यकारिणी गठित

## गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम चेयरमैन व दीपेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष बने

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान तीरंदाजी संघ के चुनाव धौलपुर में राजस्थान खेल अधिनियम 2 हजार पांच के प्रावधानुसार, आगामी चार वर्ष के लिए 2025 से 2029 तक चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश ने भारतीय तीरंदाजी संघ के पर्यवेक्षक संदीप जायसवाल, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के पर्यवेक्षक गजेन्द्र शर्मा व राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक देवनारायण गुर्जर की देख रेख में, निर्विरोध संपन्न कराए। ये हुये निर्वाचित अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह जयपुर, चेयरमैन जवाहर सिंह बेढम भरतपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव गौड अलवर, उपाध्यक्ष गिरधारीलाल सैन पाली, रीना शर्मा कोटा, दिनेश कल्ला बीकानेर, नीरू झुंझुनू, गिरधारी सिंह चौहान उदयपुर, अनिल शर्मा बांसवाड़ा, महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर धौलपुर, संयुक्त सचिव, कुमार धनंजय टोंक, रितिका वर्मा अजमेर, प्यार सिंह गुर्जर सवाई माधोपुर,मनोज कुमारी करौली, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह गुर्जर धौलपुर,नव निर्वाचित अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने कहा राजस्थान में तीरंदाजी के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एवं तीरंदाजी के खिलाड़ियों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। राज्य के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक उपलब्ध करवाए, और हर जिले मे प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने का कार्य किया जायेगा।






# सर्व समाज के लिए किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** संजय शर्मा मंजरी फाउंडेशन ने जावेद बेग के घर पर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम किया। विक्रम बरौली ने बताया कि धौलपुर की यही पहचान शर्मा खुलवा रहे हैं रमजान

हर साल की तरह साल भी सद्भावना को बढ़ाने के लिए हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करने के लिए संजय शर्मा ने जावेद बेग के घर राधा बिहारी मंदिर रोड पर सभी समाजों के लिए विशेष मुस्लिम समाज के लिए इफ्तार पार्टी रखी गई। इस कार्यक्रम में संजय शर्मा एवं प्रणब मुखर्जी रिटायर्ड आर्मी ने सभी मुस्लिम समाज के लोगों के बीच में बैठकर रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए उसके बाद गुर्जर की कोठी में ही नमाज अदा कराई गई। बाद नमाज के सभी लोगों को खाना खिलाने का प्रोग्राम किया गया। खाने में सद्भावना का ध्यान रखा गया राजस्थान की मशहूर थाली दाल बाटी चूरमा खिलाया गया। इस मौके पर सभी गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे साबिर मैजिक बस, विश्वास बक्शी संपर्क फाउंडेशन, निजामुद्दीन पहलवान, अनीस अहमद भाजपा नेता, हाजी अजमेरी भामाशाह एवं अध्यक्ष हज कमिटी, भारत ट्रेलर, सूरज, शानू राजस्थान पत्रिका, अनीस अहमद अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शाहीन अंजुम पूर्व प्रधानाध्यापक जमालपुर, बेबी आसमा उर्दू अध्यापिका, इरशाद कुरैशी भाजपा नेता, मेहमूद पेंटर, भगवान सिंह मीणा लेक्चर, राजेंद्र शर्मा, अब्बासी पूर्व जिला आप कमेटी अध्यक्ष शहजाद जल मानी, जिला महासचिव कांग्रेस निजामुद्दीन निजामुद्दीन पूर्व पार्षद सद्दाम खान पार्षद फारूक उस्मानी, पार्षद राशिद खान, पार्षद पार्षद प्रतिनिधि मोमिन खान, उमर फारूक उस्मानी ब्लॉक अध्यक्ष, मौजूद रहे। जावेद बैग करौली अध्यापक ने सभी का शुक्रिया अदा किया विक्रम बरौली ने जावेद बेग को साफा पहनाकर सम्मान किया।

इस सद्भावना वाले कार्यक्रम को देखकर निजामुद्दीन पहलवान ने ईद मिलन कार्यक्रम सभी समाजों को साथ लेकर करने की बात कही, मोलाना आबिद मामा भांजे मस्जिद इमाम एवं अन्य मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहकर रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# दो दिवसीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

## 18 जिलों के 220 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। भगवान परशुराम सेवा सदन में रविवार को 13वीं राजस्थान राज्य जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व सभापति रितेश शर्मा थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पीसी बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि निशांत चौधरी एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष विनोद साहू शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में पी.सी. बोहरा ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि इस आयोजन से धौलपुर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। संघ के सचिव आकाश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 जिलों के 220 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सब जूनियर वर्ग में 18 वर्ष से कम, जूनियर वर्ग में 23 वर्ष से कम और मास्टर वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं।



» धौलपुर - प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अतिथि एवं खिलाड़ी

### शुरुआती मुकाबलों के परिणाम

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मुकाबलों में सब जूनियर और जूनियर वर्ग के विभिन्न भार श्रेणियों के विजेता घोषित किए गए।53 किलोग्राम सब जूनियर वर्गः भीलवाड़ा के विकास धोबी ने स्वर्ण, अलवर के पीयूष मीणा ने रजत और बीकानेर के रंजीत मंडल ने कांस्य पदक जीता।53 किलोग्राम जूनियर वर्गः भरतपुर के धर्म सिंह ने स्वर्ण, दौसा के प्रदीप बैरवा ने रजत और भरतपुर के गौरव मीणा ने कांस्य पदक हासिल किया।59 किलोग्राम सब जूनियर वर्गः भरतपुर के हेमंत कुमार ने स्वर्ण, जयपुर के अनंत कुमावत ने रजत और धौलपुर के अनीश ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

59 किलोग्राम जूनियर वर्गः अजमेर के अरविंद ने स्वर्ण, दौसा के कमल सैनी ने रजत और अजमेर के देव दर्शन नैना ने कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आशीष जेमन, राजाराम शर्मा, आशीष ओझा, सत्येंद्र सिंह राठौड़, मनीष प्रजापत, हरदीप सिंह सहित कई निर्णायक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# बकाया राशि को लेकर चलाया अभियान, 3 ट्रांसफार्मर उतार भण्डार शाखा में जमा कराये

**धौलपुर।** अधिक्षण अभियंता जेवीवीएनएल राजेश कुमार वर्मा और अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता आनंद तिवारी, विषेश रिकवरी ऑफिसर गोपाल सैनी और कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल एवं कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा के द्वारा रविवार को बकाया वसूली अभियान चलाया गया जिसमें 3 ट्रांसफार्मर को करीब 3.6 लाख की बकाया राशि पर उठा कर भण्डार शाखा में जमा कराया गया एवं 28 कनेक्शन करीब 12 लाख की बकाया राशि पर डीसी किए गए साथ ही करीब 10 लाख रुपए मौके पर ही जमा किए गए। साथ ही सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने लोगों को कहा कि वे अपना विद्युत बिल समय से जमा कराए अन्यथा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा साथ ही उपभोक्ताओं को कहा कि अगर किसी के विद्युत बिल में कोई गलती, त्रुटि है तो सोमवार को कार्यालय सहायक अभियंता राजाखेड़ा में जनसुनवाई कैंप लगाया जा रहा है जिसमें अपने विद्युत बिलों का शुद्धिकरण करवा कर लाभ ले सकते हैं।

# मेरा जिला मेरी जिम्मेदारी थीम के तहत सदस्यों द्वारा जरूरी चीजों का किया अवलोकन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** रविवार को घंटाघर पर धौलपुर ड्रीम्स के सदस्यों की मीटिंग हुई। मेरा जिला मेरी जिम्मेदारी थीम के तहत धौलपुर ड्रीम्स के सदस्यों द्वारा घंटाघर की आवश्यक रिपेयरिंग, मेंटेनेंस व अन्य जरूरी चीजों का अवलोकन किया गया तथा अपने स्तर से हम इसमें क्या सहयोग कर सकते हैं इस बारे में चर्चाएं की गई। तथा आई लव धौलपुर सहित सेल्फी प्वाइंट विकसित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही घंटाघर व अन्य पर्यटन स्थलों के आसपास रहने वालों से भी निवेदन करने बाबत चर्चा हुई कि वे धौलपुर के पर्यटन स्थलों को साफ और सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर गौरव गर्ग ने कहा कि निहाल टॉवर धौलपुर की एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक धरोहर है जिसे धौलपुर का गौरव स्तंभ के नाम से भी जाना जाता है। हम सभी धौलपुर वासियों की जिम्मेदारी बनती है कि अपने जिले की धरोहरों की देख रेख करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं ।

एवीएम संस्था के व्यवस्थापक वीरेंद्र त्यागी ने कहा कि धौलपुर की पहचान घंटाघर से है । निहाल टावर (घंटाघर) स्थापत्य कला का एक बेजोड़ नमूना है । बताया जाता है कि यह सबसे ऊंचा घंटाघर है । हमें इसका महत्व समझते हुए इसके संरक्षण हेतु अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

मंजरी फाउंडेशन के संजय शर्मा द्वारा प्रस्तावित धौलपुर के पर्यटन स्थलों पर पुस्तिका का क्रियान्वयन जल्द से जल्द करने की बात कही गई तथा आगामी धौलपुर स्थापना दिवस पर धौलपुर के पर्यटन स्थलों की महत्वता के विषय पर कवि सम्मेलन करने का भी सुझाव दिया गया । इस अवसर पर मुवीन अहमद फारूखी, डॉ. विनोद गर्ग (आयुर्वेद), रजत मित्तल, रहीस फारूखी, रामकिशोर शर्मा, असलम खान, संतोष मिश्रा, अशोक कुमार आदि मौजूद थे ।



» धौलपुर - घंटाघर के अवलोकन दौरान मौजूद टीम के सदस्य

# कल से बदलेगा स्कूलों का समय, सुबह 7.30 बजे से खुलेंगे

**धौलपुर।** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज मीना ने बताया कि एक अप्रैल से राज्य के स्कूलों के समय में बदलाव होगा। एक बार स्कूल सुबह 7.30 बजे से शुरू होंगे। जबकि छुट्टी दोपहर 1 बजे होगी। दो पारी स्कूलों का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक रहेगा। प्रत्येक पारी 5.30 घंटे लगेगी। शिविरा पंचांग के मुताबिक यह बदलाव एक अप्रैल से होगा। वर्तमान में एक बार स्कूल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दो पारी स्कूलों का समय सुबह 7.30 से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है।



» धौलपुर - नवसंवत पर मचकुंड परिसर में दीपदान करते महिला व पुरुष

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।